वर्ष 24, अंक 149, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 8 दिसंबर 2025 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 25 लोगों की मौत का गुनहगार कौन?

## क्लब मैनेजर समेत 4 स्टाफ अरेस्ट,

## ऑनर फरार; जांच के लिए बनी कमेटी

**गोवा**

**गोवा** के अरपोरा नाइट क्लब में देर रात भीषण आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई. इस घटना के वीडियो में नजर आ रहा है कि कैसे डांस फ्लोर पर मौज-मस्ती अचानक चीख-पुकार में बदल गई. इस मामले में नाइट क्लब के मालिकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने चीफ मैनेजर और 3 कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है. क्लब मालिक फिलहाल पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं जिसकी तलाश की जा रही है.

**जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कर्रवाई के निर्देश**

मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने हादसे की मजिस्ट्रेट जांच का आदेश देते हुए घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा है. हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और कई केंद्रीय मंत्रियों ने दुख जताया है और पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है.

**गोवा सरकार ने किया मुआवजे का ऐलान**

सीएम सावंत ने कहा, "मुख्य सचिव, डीजीपी, आईजीपी, सचिव, राजस्व कलेक्टर, उत्तर



एसपी सहित अपने संबंधित अधिकारियों के साथ एक तत्काल और उच्च स्तरीय बैठक बुलाई गई, जिसमें मजिस्ट्रेट जांच कराने का निर्णय लिया." उन्होंने कहा कि डीजीपी को क्लब के मालिक और मैनेजर सहित दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं. सीएम ने मृतकों के परिजनों के लिए 5-5 लाख रुपये और घायलों के लिए 50-50 हजार रुपये मुआवजा की घोषणा की है.

**अधिकारियों पर भी गिरेगी गाज**

सीएम सावंत ने उन अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की बात कही है, जिन्होंने सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने के बावजूद क्लब को चलने दिया. मृतकों में चार पर्यटक और 14 कर्मचारी शामिल हैं, जबकि बाकी सात की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है. एफआईआर में गोवा नाइट क्लब के मालिक सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा के साथ-साथ मैनेजर और कार्यक्रम आयोजकों का नाम भी शामिल है.

**अब तक इन लोगों की हुई है गिरफ्तारी**

इस बीच अरपोरा-नागोआ के पंचायत सरपंच रोशन रेडकर को आग लगने की घटना के सिलसिले में हिरासत में लिया गया है. उन्हें 2013 में परिसर के लिए व्यापार लाइसेंस जारी करने के आरोप में हिरासत में लिया गया था. नाइटक्लब में लगी आग मामले में गोवा के उत्र्द्ध आलोक कुमार ने कहा, "गिरफ्तार किए गए लोगों में चीफ जनरल मैनेजर राजीव मोदक, जनरल मैनेजर विवेक सिंह, बार मैनेजर राजवीर सिंघानिया और गेट मैनेजर प्रियांशु ठाकुर शामिल हैं.

**पीएम मोदी ने भी किया मुआवजे का ऐलान**

पीएम मोदी ने भी गोवा में हुए दर्दनाक हादसे के बाद पीड़ितों के लिए मुआवजे की घोषणा की है। हादसे में जिन लोगों की मौत हुई है, उनके परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो लाख रुपये दिए जाएंगे। वहीं, हादसे में घायल हुए लोगों को 50 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी।

# यात्रियों को बड़ी राहत, इंडिगो ने कैंसलेशन और रीशेड्यूलिंग पर दी पूरी छूट

**नई दिल्ली**

**इंडिगो** एयरलाइन ने रविवार को घोषणा की कि उसकी उड़ानों को सामान्य करने का प्रयास तेजी से आगे बढ़ रहा है। एयरलाइन ने बताया कि उसके कुल 138 डेस्टिनेशन में से 137 पर परिचालन फिर से शुरू हो गया है। एक बयान में, इंडिगो ने कहा कि वह अब 1,650 से ज्यादा उड़ानें संचालित करने की ओर बढ़ रही है, जो पिछले दिन की 1,500 से ज्यादा उड़ानों से अधिक है। एयरलाइन ने अपनी समय परफॉर्मेंस में भी बड़ा सुधार होने की जानकारी दी है, जो एक दिन




पहले के 30 प्रतिशत की तुलना में बढ़कर 75 प्रतिशत हो गई है।

यात्रियों को हुई असुविधा को देखते हुए, इंडिगो ने 15 दिसंबर 2025 तक की बुकिंग के लिए कैंसलेशन और रीशेड्यूलिंग के अनुरोधों पर पूरी छूट देने की घोषणा की है। एयरलाइन ने यह भी आश्वासन दिया है कि रिफंड और बैगेज से संबंधित प्रक्रियाएं 'पूरी तरह से चालू' हैं, क्योंकि टीमें सामान्य सेवाओं को बहाल करने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रही हैं।

## हरक सिंह रावत के सिख समाज पर दिए बयान से बवाल

**नई दिल्ली**

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने पार्टी के ही वरिष्ठ नेता डॉ. हरक सिंह रावत द्वारा सिख समाज को लेकर दिए गए विवादित बयान पर खेद जताया है. उन्होंने सोशल मीडिया पर एक लंबा पोस्ट लिखकर बयान पर न केवल नाराजगी जताई, बल्कि अपने तरीके से इस गलती के प्रायश्चित का भी ऐलान कर दिया है. हरीश रावत ने अपने पोस्ट में लिखा, गलती को स्वीकारना ही सच्ची सेवा है।

# डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का बड़ा बयान

**'बाबर के नाम पर कोई मस्जिद बनाएगा तो...'**



**उत्तर प्रदेश**

**पश्चिम बंगाल** में तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमांयू कबीर ने शनिवार (6 दिसंबर) को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर एक मस्जिद की नींव रखी. इस मस्जिद की नींव रखने के लिए हजारों की तादाद में लोग इकट्ठा हुए. विधायक ने फीता काटकर इस मस्जिद का शिलान्यास किया.

उनके इस कदम पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार (7 दिसंबर) को चेतावनी दी कि मुगल बादशाह बाबर के नाम पर किए गए किसी भी निर्माण का कड़ा विरोध किया जाएगा.

मस्जिद निर्माण कार्य पर क्या बोले केशव मौर्य?

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दर्ज कराई है. इस पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि मस्जिद बनाने का कोई विरोध नहीं है. अगर बाबर के नाम पर कोई मस्जिद बनाएगा तो उसका विरोध होगा. उनका ये बयान अब सुर्खियों में आ गया है.

डिप्टी सीएम ने अखिलेश यादव पर साधा निशाना

केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी (सपा) के मुखिया अखिलेश यादव पर निशाना साधा. झांसी में एक समीक्षा बैठक में शामिल होने आए मौर्य ने सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में कहा, ह्लबिहार में हुई करारी हार के बाद सपा प्रमुख का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है और वह मुंगेरीलाल जैसे सपने देखने लगे हैं.ह्व

उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्हें कुछ सीट मिल गई थी।

## जेल में बंद आजम खान की बिगड़ी तबीयत, इलाज से किया इनकार

**रामपुर**

**रामपुर** से सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान की तबीयत अचानक से बिगड़ गई है. तबीयत बिगड़ने की सूचना पर जिला अस्पताल से भेजी गई तीन डॉक्टरों की टीम उन्हें देखने जेल पहुंची, लेकिन आजम खान ने मेडिकल जांच कराने से इनकार कर दिया.

जेल प्रशासन ने जिला अस्पताल उटर को पत्र भेजकर तीन विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मांगी थी. इसके बाद जिला अस्पताल ने एक सर्जन, एक फिजिशियन और एक ऑप्थैल्मिक विशेषज्ञ की टीम जेल भेजी.

सपा नेता की तबीयत बिगड़ने के बाद जेल प्रशासन ने डॉक्टरों की टीम को सूचना दी थी. इस बीच जेल में डॉक्टरों की टीम पहुंची तो आजम खान ने जांच कराने से मना कर दिया, जिसके बाद टीम बिना परीक्षण किए वापस लौट आई.

आजम खान ने टीम से अपना इलाज कराने से इनकार कर दिया. जेल प्रशासन ने जिला अस्पताल के उटर को पत्र लिखकर सपा नेता की तबीयत खराब होने की सूचना दी थी.

जिसके बाद CMS ने जेल प्रशासन के पत्र पर डॉक्टरों की टीम को जेल में भेजा था।

# मैनेजर गिरफ्तार, क्लब के मालिक पर भी वारंट जारी

**गोवा**

**गोवा** के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने जानकारी दी है कि रविवार को एक नाइटक्लब में लगी भीषण आग के सिलसिले में उस क्लब के जनरल मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि क्लब, जिसका नाम 'द बर्च बाय रोमियो लेन' है, उसके मालिक के खिलाफ भी गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है।



मुख्यमंत्री सावंत ने पुष्टि की कि यह दर्दनाक घटना देर रात करीब 12 बजे हुई। उन्होंने बताया, 'आग लगने की वजह से कई लोग (नाइटक्लब से) बाहर नहीं निकल पाए और दम घुटने से उनकी मौत हो गई।' इस हादसे में 25 लोगों के मारे जाने और छह अन्य के घायल होने की पुष्टि हुई है। उन्होंने बताया कि घायल लोग फिलहाल खतरे से बाहर हैं और उनका इलाज गोवा मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश सावंत ने बताया कि स्थिति का जायजा लेने के लिए उन्होंने रात करीब 2 बजे घटना वाली जगह का दौरा किया। उन्होंने इस मामले में मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने इस घटना को गोवा के इतिहास में पहली बार हुई ऐसी घटना बताया।

सुरक्षा नियमों की अनदेखी की होगी जांच

जब मुख्यमंत्री से पूछा गया कि क्या नाइटक्लब में लगी आग 'लापरवाही' का नतीजा थी, तो उन्होंने कहा कि इसकी जांच के आदेश दिए गए हैं। जांच में यह पता लगाया जाएगा कि नाइटक्लब ने आग से सुरक्षा के नियमों का ठीक से पालन किया था या नहीं।

**11 कंपनियाँ जुटाएँगी 13,800 करोड़ रुपये**

# IPO बाजार में तेज होने वाली है हलचल

**नई दिल्ली**

अगले हफ्ते शेयर बाजार में इतनी हलचल रहेगी कि निवेशकों के लिए विकल्पों की भरमार होने वाली है। मौजूद जानकारी के अनुसार, मुख्य बोर्ड और रटए सेगमेंट मिलाकर 8 से 17 दिसंबर के बीच 11 क्ढड लॉन्च होंगे और कुल मिलाकर करीब 13,807 करोड़ रुपये जुटाने का अनुमान है। बता दें कि इन्हीं इश्यूज के बीच क्ळक्ळक प्रूडेंशियल एसेट मैनेजमेंट का बहुप्रतीक्षित क्ढड भी शामिल है, जिसकी तारीख 12 दिसंबर तक घोषित होने की संभावना जताई जा




रही है।

गौरतलब है कि 8 दिसंबर से दो मुख्य आईपीओ कोरोना रेमेडीज और वेकफिट इनोवेशन सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेंगे। कोरोना रेमेडीज फार्मा सेक्टर की एक ऐसी कंपनी है जिसने पिछले कुछ वर्षों में घरेलू बिक्री में लगातार वृद्धि दर्ज की है। कंपनी का 655 करोड़ रुपये का ऑफर फॉर सेल 1,008 से 1,062 रुपये प्रति शेयर के दायरे में आएगा। विश्लेषकों के अनुसार, मजबूत वितरण नेटवर्क और लाभप्रदता को देखते हुए एंकर निवेशकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलने की उम्मीद है।

वेकफिट इनोवेशन, जो ऑनलाइन गद्दों से लेकर विस्तृत होम सॉल्यूशन पोर्टफोलियो तक अपनी पहचान बना चुका है, उसी दिन 1,289 करोड़ रुपये का इश्यू खोलेगा। बाजार इसे उपभोक्ता इंटरनेट और घरेलू उत्पाद मांग में स्थिरता की परीक्षा के रूप में देख रहा है। इसी दिन प्रोडॉक्स समाधान का छोटा इश्यू भी निवेशकों के लिए खुलेगा, जो 27.6 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखता है।

इसके बाद 10 दिसंबर को तीन और कंपनियाँ नेफ्रोकेयर हेल्थ सर्विसेज, पार्क मेडी वर्ल्ड और यूनिसेम एग्रीटेक आईपीओ बाजार में उतरेंगी। नेफ्रोकेयर, जो देश में डायलिसिस सेवाओं की बढ़ती आवश्यकता पर आधारित कारोबार विस्तार कर रही है।

# भोजपुरी स्टार पवन सिंह को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से मिली धमकी!

**लखनऊ**

**लखनऊ** में भोजपुरी पावर स्टार पवन सिंह को धमकी मिली है. अभिनेता के पासअज्ञात नंबर से फोन कॉल आई. कॉल पर अज्ञात व्यक्ति ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताया. इस धमकी में पवन सिंह को सलमान खान के साथ स्टेज शेयर न करने की हिदायत दी.

पवन सिंह की टीम मामले को लेकर पुलिस को सूचित करेगी. पवन सिंह रविवार (7 दिसंबर) को बिग बॉस के फाइनल में पवन



सिंह का परफॉर्मेंस है. बता दें कि बिग बॉस का सेट फिल्मसिटी गोरेगांव में है. ऐसे में पवन सिंह को धमकी भरे कॉल में सलमान खान के साथ मंच न साझा करने के लिए कहा गया है.

बिग बॉस फिनाले की तैयारी में जुटे थे पवन सिंह

भोजपुरी पावर स्टार पवन सिंह सलमान खान के शो के फाइनल में परफॉर्म करने की तैयारी में जुटे हुए थे. इस बीच उनके पास अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक धमकी भरा कॉल आता है. जिसमें उन्हें धमकी दी जाती है. अज्ञात व्यक्ति ने स्पष्ट तौर पर सलमान खान का नाम लेकर उन्हें चेतावनी दी.

इस धमकी भरे कॉल के बाद पवन सिंह की टीम ने पुलिस में सूचना देने की बात कही. कॉल में कहा गया कि अगर सलमान खान के साथ मंच साझा किया।

## सड़क हादसे में विश्वविद्यालय छात्र की मौत

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** के गौतमबुद्धनगर जिले में एक निजी विश्वविद्यालय के 22 वर्षीय छात्र की रविवार को एक सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान गलगोटिया विश्वविद्यालय के छात्र विवेक कुमार शर्मा के तौर पर हुई है।

पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि यह हादसा थाना दनकौर क्षेत्र में गलगोटिया विश्वविद्यालय के पास तब हुआ जब बाइक सवार शर्मा को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि इस घटना में युवक की मौके पर




मौत हो गई।

प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। प्रवक्ता के मुताबिक, घटना की सूचना पाकर निजी विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले सैकड़ों छात्र मौके पर पहुंच गए।

# संसद में 'वंदे मातरम' और चुनावी सुधारों पर होगी चर्चा

**जोरदार बहस के आसार**

**नई दिल्ली**

**इस** हफ्ते संसद में सत्ताधारी बीजेपी और कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष के बीच बड़ा टकराव देखने को मिलेगा। सोमवार से, संसद में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' और चुनावी सुधारों जैसे दो महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष चर्चा होगी, जिसमें सभी पार्टियों के सांसद हिस्सा लेंगे।

बहस में शामिल होंगे दिग्गज नेता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह बीजेपी की ओर से बहस में शामिल होंगे। वहीं, विपक्ष की ओर से नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा, अखिलेश यादव, और कनिमोझी जैसे प्रमुख नेता इन बहसों में अपनी बात रखेंगे।

'वंदे मातरम' पर चर्चा

सोमवार दोपहर को यह चर्चा लोकसभा में शुरू होगी, जिसकी शुरूआत प्रधानमंत्री मोदी करेंगे। कांग्रेस की ओर से उपनेता गौरव गोगोई और वरिष्ठ सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा भी शामिल होंगी। राज्यसभा में यह बहस मंगलवार को होगी, जिसकी शुरूआत गृह मंत्री अमित शाह करेंगे।

चुनावी सुधारों पर चर्चा

लोकसभा में चुनावी सुधारों पर बहस मंगलवार को शुरू होगी, जिसके बुधवार को खत्म होने की संभावना है। दोनों सदनों में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल बहस का जवाब देंगे।

विवादास्पद मुद्दों पर तीखी बहस की संभावना

माना जा रहा है कि 'वंदे मातरम' और चुनावी सुधारों पर विपरीत विचारों के चलते सदन में तीखी बहस होगी।

वंदे मातरम पर विवाद



प्रधानमंत्री मोदी ने पहले कांग्रेस पर एक वर्ग को खुश करने के लिए 'वंदे मातरम' का पूरा उपयोग न करने का आरोप लगाया था। इसके जवाब में, कांग्रेस ने मोदी पर तथ्यों को तोड़ने-मरोड़ने का आरोप लगाया है। कांग्रेस रवींद्रनाथ टैगोर के एक पत्र का हवाला देती है, जिसमें कहा गया था कि 'वंदे मातरम' के केवल पहले दो छंदों को ही अपनाया जाना चाहिए, क्योंकि बाद वाले छंदों में सांप्रदायिक भावनाएं हो सकती हैं। 'वंदे मातरम', जिसे बंकिमचंद्र चटर्जी ने लिखा था, को राष्ट्रगान 'जन गण मन' के बराबर दर्जा प्राप्त है। यह चर्चा 'वंदे मातरम' के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में हो रही है।

चुनावी सुधारों पर हमला

विपक्ष इस बहस के दौरान 'वोट चोरी' का मुद्दा उठाने के लिए तैयार है। राहुल गांधी ने पहले ही 'वोट चोरी' के खिलाफ अभियान शुरू किया है और चुनाव आयोग पर चुनावी रोल में हेरफेर करके बीजेपी की मदद करने का आरोप लगाया है।

# दुर्घटना में मृत युवक का शव घर पहुंचते ही गांव में पसरा मातम

अखंड भारत संदेश



**जसरा।** रविवार को देर शाम शैलेन्द्र कुमार सेन का शव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी रंजना सेन शव से लिपटकर दहाड़े मारकर रोने लगी। गांव की महिलाओं ने किसी तरह उसे शव से अलग किया।

बताते चलें कि शनिवार की रात 8 बजे शैलेन्द्र कुमार सेन की ट्रक की टक्कर लगने से गंभीर हालत में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा परिजन ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने आनन-फानन में शव को पोस्टमार्टम के लिए चीर भेज दिया था। रविवार दोपहर बाद घूरपुर थाने पर पंचनामा भरकर परिजनों को पीएम के लिए प्रयागराज भेजा। देर से शव गांव पहुंचा तो ग्रामीणों का मजमा लग गया। पिता प्रेम कुमार सेन व मां,भाई सहित उसके बच्चों ने दहाड़े मार मारकर रो रहे थे।

**मृतक के बच्चे हुए असहाय**

मृतक शैलेन्द्र कुमार सेन की पत्नी रंजना सेन चारों बच्चों को देख देखकर दहाड़े मारकर रो रही थी। वह बार बार बच्चों के परवरिश कैसे होगी,यही कहकर रो रही थी।

**शैलेन्द्र के चार बच्चे हुए अनाथ**

मृतक शैलेंद्र कुमार सेन के चार बच्चे सोनम 15 वर्ष, शालिनी 13 वर्ष , समर 11 वर्ष , सौरभ 9 वर्ष हैं। चारों बच्चे की जिम्मेदारी अब कौन उठाएगा। बड़ी बेटी सोनम कक्षा 10 में जीजीआईसी जसरा की छात्रा है। वहीं बड़ा बेटा कक्षा 8 में पढ़ाई कर रहा है। दो बच्चे गांव में ही पढ़ रहे हैं। वही स्वजनों का विलाप देखकर गांव के लोगों की आंखें भी नम रही।

## एसडीएम ने की प्रपत्र वितरण की समीक्षा, मांडा में मतदाता पुनरीक्षण को लेकर बैठक

**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के नगर पंचायत कार्यालय में मतदाता गहन पुनरीक्षण को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उपजिलाधिकारी मेजा सुरेंद्र प्रताप यादव ने गणना प्रपत्रों के वितरण और प्रगति की समीक्षा की। बैठक में बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) के साथ-साथ नगर पंचायत के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। उपजिलाधिकारी मेजा ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि गणना प्रपत्रों को जल्द से जल्द प्राप्त कर उन्हें अपलोड किया जाए। अधिशाषी अधिकारी बंटी कुमारी ने इस अवसर पर कहा कि एसआईआर (स्पेशल समरी रिवीजन) के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाना चाहिए। इस बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आमिर शकील टंकी, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा अरुण सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजेश्वरी तिवारी, अशोक पांडेय, रामबली मौर्य, अमरेश मिश्र और तबस्सुम सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## रास्ते के विवाद में महिला से अभद्रता और मारपीट

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के चमनगंज नरहरपुर में रास्ते को लेकर हुए विवाद में एक महिला के साथ अभद्रता, मारपीट और कपड़े फाड़ने का ल मामला सामने आया है। इस घटना में महिला के देवर को भी बेरहमी से पीटा गया, जिससे उसका दाँत टूट गया। पुलिस के अनुसार चमनगंज नरहरपुर निवासी बबीता सरोज पत्नी विनोद कुमार का बीते गुरुवार को पड़ोसी उमेश मौर्य से विवाद हुआ। आरोप है कि इस दौरान उमेश मौर्य और उसके परिजनों ने महिला के घर में घुसकर मारपीट की और उसके कपड़े फाड़ दिए। बीच-बचाव करने आए देवर को भी बुरी तरह से घायल कर दिया गया। मामले में झूंसी पुलिस ने शनिवार को कार्रवाई की। पुलिस ने दो नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ एससी,एसटी सहित कई गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

# ऑटो में युवक की जेब से पैसे चोरी

### पीड़ित ने आरोपी को रंगे हाथ पकड़ा, पुलिस ने भेजा जेल




**मांडा।** क्षेत्र में ऑटो में यात्रा कर रहे एक युवक की जेब से ?2080 चोरी हो गए। पीड़ित ने सूझबूझ दिखाते हुए आरोपी को रंगे हाथ पकड़ लिया, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। विंध्याचल थाना क्षेत्र के कलना गहरवार गांव निवासी उदयराज पुत्र स्व. अमरनाथ अपने घर से ऑटो में बैठकर ननिहाल बामपुर गांव (थाना मांडा) जा रहे थे। रास्ते में एक व्यक्ति ऑटो में उनके बगल में बैठ गया और उनकी जेब से ?2080 निकाल लिए। चोर जिगना में उतर गया। जब उदयराज बामपुर के पास उतरे तो उन्होंने अपनी जेब में पैसे नहीं पाए। तभी उन्हें पीछे से आ रही दूसरी ऑटो में वही व्यक्ति उतरता हुआ दिखाई दिया, जो उनके बगल में बैठा था। उदयराज ने उसे पहचान लिया और वहां मौजूद लोगों की सहायता से उसे पकड़ लिया।

पकड़े गए व्यक्ति की जेब से चोरी हुए ?2080 बरामद हुए। उदयराज ने तुरंत अपने मामा सुरेश कुमार पुत्र चिंतामणि निवासी बामपुर को मौके पर बुलाया और मांडा पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस चौकी प्रभारी सुभाष सिंह दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी को थाने ले आए। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम दीपक सोनकर पुत्र शंकर निवासी कुखुड़ी बताया।

पीड़ित की तहरीर पर आरोपी दीपक सोनकर के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया। मांडा इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि पुलिस ऐसे अपराधियों पर कड़ी नजर रख रही है।

# कौशांबी से अपहृत किशोरी बरामद, आरोपी गिरफ्तार

### मांडा पुलिस ने बहला-फुसलाकर ले जाने वाले को न्यायालय भेजा

अखंड भारत संदेश

**मांडा।** पुलिस ने कौशांबी से एक 14 वर्षीय अपहृत किशोरी को बरामद किया है। किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के बाद न्यायालय भेज दिया गया है।

यह घटना दो दिन पहले मांडा थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। किशोरी के पिता ने गुरुवार को मांडा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि उनकी नाबालिग बेटी को मेजा थाना क्षेत्र के लखनपुर गांव निवासी चंद्रशेखर थारु (पुत्र नथनलाल उर्फ बवाली उर्फ नथुनी थारू) बहला-फुसलाकर भगा ले गया था।

शिकायत के आधार पर प्रभारी इंस्पेक्टर माधव प्रसाद त्रिपाठी ने तत्काल मुकदमा दर्ज किया। आरोपी की गिरफ्तारी और किशोरी की बरामदगी के लिए दरोगा चंद्र पाल सिंह, अमित नागर और महिला दरोगा नीरज की एक टीम गठित की गई।

पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कौशांबी जनपद के सिराथू बाजार से आरोपी चंद्रशेखर थारु को गिरफ्तार किया। आरोपी द्वारा बताए गए पते से नाबालिग किशोरी को भी सुरक्षित बरामद कर लिया गया।

पुलिस ने सभी आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश किया। वहीं, बरामद किशोरी को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है।

## पत्रकार रामनरेश यादव के पिताजी का निधन, परिजन शोकाकुल



**जंघई।** वरिष्ठ पत्रकार एवं करुआडीह, प्रतापपुर गांव निवासी राम नरेश यादव के पिता जी भगौती दीन यादव 95 वर्ष का शनिवार शाम को हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया। भगौती दीन यादव बहुत सीधे, सरल, मिलनसार एवं उदार व्यक्तित्व के इंसान थे। उनके निधन से परिजनों, रिश्तेदारों, ग्रामीणों एवं पत्रकारों में शोक का माहौल है पिछले महीने राम नरेश यादव की माता जी का भी निधन हो गया था।

शोकाकुल परिजनों में राम सुंदर, दीप चंद्र, दिव्य कुमार बड़े बाबू, पुष्पेंद्र, दिव्यांश एवं पत्रकारों में भोला नाथ तिवारी, सुभाष मिश्र, विभाष यादव, आरपी शुक्ला, जितेंद्र तिवारी, भोला नाथ यादव, संदेश मिश्रा, दिलीप पांडेय, मनीष यादव, राम प्रसाद यादव आदि लोगों ने दिवंगत पुण्य आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# जिलाध्यक्ष अनुरागिनी सिंह द्वारा सहसो ब्लॉक का गठन के पश्चात प्राधिकार पत्र वितरण



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ जिला प्रयागराज की इकाई ब्लॉक सहसों का प्राधिकार पत्र वितरण समारोह बहुत ही भव्यता के साथ मनाया गया। जिसमें ब्लॉक प्रमुख, ग्राम प्रधान और मंडल के पदाधिकारी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ जिला प्रयागराज की जिला अध्यक्षा अनुरागिनी सिंह जी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन ,सरस्वती जी की प्रतिमा का माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। स्वागत गीत का प्रस्तुतीकरण बहुत ही भावपूर्ण रूप से विद्यालय की भूतपूर्व छात्रा आशी यादव के द्वारा किया गया। एवं समाज को कटाक्ष करते हुए आशी यादव के द्वारा ही बहुत ही प्रेरक गीत गाया गया। तत्पश्चात निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ हुई और श्रीमती शिखा पांडे जी को ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में चुना गया और रेखा मिश्रा जी का महामंत्री के पद पर चुनाव हुआ और तत्पश्चात समस्त कार्यकारिणी का चुनाव हुआ।जिला अध्यक्ष महोदय द्वारा प्राधिकार पत्र का वितरण किया गया एवं सभी नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का आयोजन बहुत ही शानदार रहा और और इस दौरान ब्लॉक की शिक्षिकाएं भी उपस्थित रही। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अपर्णा बाजपेई जी जिला अध्यक्ष महोदया अनुरागिनी सिंह जी एवं जिला मंत्री रितु सिंह जी और नगर महामंत्री श्रीमती सरिता सिन्हा भी उपस्थित रही।

## करछना पुलिस ने फौजी विवेक सिंह हत्या केस में वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

**करछना।** सेना के जवान विवेक सिंह की हत्या प्रकरण में करछना पुलिस ने रविवार को बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने आरोपी गगन तिवारी उर्फ आशीष तिवारी, निवासी धनुहा थाना नैनी, को करछना क्षेत्र के साधूकुटी चौराहे से दबोचा। गिरफ्तारी के बाद उसके खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मामले में मृतक विवेक सिंह के पिता उमाकांत सिंह ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि ओवरटेक को लेकर हुए विवाद में कई लोगों ने उनके पुत्र की गाड़ी रोककर लोहे की रॉड से हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें लखनऊ स्थित मिलिट्री हॉस्पिटल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने जांच में तेजी लाते हुए पहले ही पांच नामजद आरोपियों राजकमल पांडेय, दिनेश कुमार यादव, राजीव कुमार ठाकुर, राजू अग्रहरि और भाईलाल यादव को 1 दिसंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया था। विवेचना के दौरान गगन तिवारी का नाम सामने आने के बाद उसकी तलाश की जा रही थी।

## (कफ सिरफ काण्ड)

अब ढ़ेर जानी के नींद उड़वलस,
खूबे धूम मचवले बा सिरफवा।
खांसी, बलगम के का बात करी,
डरने सुख गइल सीनवा के कफवा ।।
पहिले यूपी, बिहार, झारखंड, रांची
अब पहुंचल नेपाल बांग्लादेशवा।
दोषियन के त पता नइखे, लागेला
ईहो भाग गइलें विदेशवा।।
रंगा, बिरला, टाटा नाम रख के,
खूब लूटलें ई गुनाहगरवा।
विधायक, सांसद, माफियन के
खास, आ उनके ही रिश्तेदरवा।।
मासूम, बेगुनाहन के जान लिहलें,
और मार दिहलें ई हत्यरवा।
का केहू भरोसा करी जब, दवाईए
बन जाता जहरवा।।
अब लागता की सिरफ पीके,सुत
गइल बाटे बुलडोजरवा।
काहें नईखे अब कुर्की होत,और
ढाहल जात इनके घरवा।।
कहां गइलें शासन, प्रशासन,और
नौजवान पहरेदार, चौकीदरवा।
नईखे सम्हरात कुर्सी त, झूठे माला
पहिन के दौड़ावेलन फॉर्च्यूनरवा।।
अब लागता की सिरफ पीके, सुत
गइल बाटे बुलडोजरवा।
काहें नईखे अब कुर्की होत,और
ढाहल जात इनके घरवा।।




लेखकः (आशीष कुमार सैनी)
पुराछात्र-इलाहाबाद विश्वविद्यालय

# खर्चा वर्चा दो नहीं तो शिकायतें जांच होती रहेगी...

### ग्राम प्रधान सहित ठीकेदारों से रंगदारी मांगने का आरोप,शिकायत, रिपोर्ट दर्ज करने की मांग

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** थाना कोरांव क्षेत्र के एक आपराधिक किस्म के युवक द्वारा अपने ही गांव के ग्राम प्रधान, तथा निर्माण कार्य करने वाले ठीकेदारों, सप्लायरों से रंगदारी मांगने और न देने पर आए दिन शिकायतें कर जांच कराने और आरटीआई 2005 के तहत सूचनाएं मांगने रिकवरी कराने की धमकियां देने का आरोप आरोपित हैं। जिसकी शिकायत पुलिस और तहसील अधिकारियों से ग्राम प्रधान ने की है।

बता दें कि ग्राम सभा अल्हवा तहसील कोरांव में एक व्यक्ति पवनकुमार पाल द्वारा आए दिन तरह तरह की धमकियां देने, रंगदारी मांगने, सरकारी निर्माण कार्यों में बाधाएं डालने, फर्जी शिकायतें करने, दर्ज मुकदमें वापिस न लेने पर मुल्के अदम भेजने का मामला प्रकाश में आया है।

**क्या है मामला**

ग्राम सभा अलहवा में नियुक्त कोटेदार लाल बहादुर पाल पुत्र बुद्धी द्वारा कई बार राशन घोटाला करने पर ग्राम प्रधान अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे पत्रकार ने मॉनिटरिंग कर कर के समय समय पर डीएम एडीएम आपूर्ति एसडीएम आदि से शिकायत कर निलंबित कराई,और पैसे की बल पर बहाल होने पर पुनः डीएम से कह कर जांच कराई और आरोप सिद्ध होने पर दुकान निरस्त कराई।



ग्राम प्रधान अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे

पाल बस्ती की पुरानी सड़क को इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में बाधा डालने बिना सुविधा शुल्क लिए कार्य न चालू होने देने पर प्रधान सिद्दीकी द्वारा थाना पुलिस कोरांव को शिकायत कर विधिक कार्यवाही कर चलान कराया।

ग्राम सभा अल्हवा में भूमि संख्या 1036ख नाला भूमि में जबरन फसल बो कर फसल चोरी में काट ले जाने पर थाना कोरांव में क्राइम नंबर 24/2025 धारा 3/5 लो श निवारण अधि,एवं क्राइम नंबर 46/2025 धारा 379,411 आईपीसी में पवन कुमार पाल,लाल बहादुर पाल के विरुद्ध केस दर्ज हुआ,जेल गए।

कोटा निलंबित कराए जाने पर प्रधान को धमकी देने आदि पर थाना कोरांव में और थाना खीरी में मुकद्दमा दर्ज कराया गया। आरोप पत्र कोर्ट गए।

जिंदा महिला को लेखपाल को और भू माफिया को पटा कर महिला को मृतक दिखा कर भी ट्रांसफर कराने के जुर्म में कोरांव थाने में क्राइम नंबर 412/2021 धारा 419, 420, 467, 468, 471, 506 आईपीसी में दर्ज होने से क्षुब्ध, गुंडा अधिनियम धारा 1970 एवं जिला बदर तथा हिस्ट्री सीटर की कार्यवाही होने, कई बार शांति भंग में जेल जाने।

महिला के साथ छेड़खानी करने गायब करने के प्रयास एवं हरिजन उत्पीड़न किए जाने में दर्ज क्राइम नंबर 406/2022 धारा 354, 506, आईपीसी एवं एससी एसटी केस में जेल जाने, अदालती वारंट में जेल जाने के केस दर्ज हैं।

ग्राम सभा की सरकारी भूमि में जबरन जुमार्ना कार्यवाही रोक टोंक के बावजूद चकमार्ग संख्या 1035 से अवैध कब्जा न खाली किए जाने और धान की फसल काट कर गायब कर दिए जाने सरकारी संपति का नुकसान और चोरी करने के बाद थाना कोरांव में धारा 380,427 आईपीसी के केस दर्ज हैं।

उपरोक्त मामलों में उक्त पवन कुमार पाल और उसके साथी केस वापिस न लेने पर तरह तरह की प्रधान को धमकी देने रंगदारी मांगने की शिकायत कर रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग पर क्षुब्ध हो कर अप्रिय वारदात की धमकी दे रहे।

इसी तरह ग्राम सभा में कभी ग्राम सचिव तो कहीं ठिकेदार आदि से सुविधा शुल्क मांगने के आरोप आरोपित हैं।

दरर्जन भर मुकदमों में वांछित अभियुक्त पवन कुमार पाल द्वारा दी जा रही धमकी मांगी जा रही केस वापिस लेने की धमकी, रंगदारी पर कार्यवाही हेतु डीसीपी यमुनानगर प्रयागराज को तीन दिसंबर को प्रधान ने तहरीर दी है। और फसल काट कर गुंडई से उठवा ले जाने की 6 दिसंबर को समाधान दिवस में शिकायत दर्ज किए जाने की मांग की है। जिससे उक्त भू अतिचारी अपराधी,आए दिन प्रधान के विरुद्ध लोगों को भड़का रहे एवं उसको कुछ लोग भड़काने वालों के विरुद्ध एक्शन लेने की मांग की है।

## शिविर लगाकर किया गया निःशुल्क आंखों की जांच



अखंड भारत संदेश

**सहसों।** निःशुल्क आंखों की जांच एवं चश्मा वितरण का आयोजन ग्राम सभा तार डीह सुदीका पूरा में मंडल उपाध्यक्ष सूर्यमणि पांडे के आवास पर लगाया गया। नेत्र शिविर में जानकी कुंड चित्रकूट के डॉक्टर आकाश दीक्षित और श्रीकांत पांडे के टीम द्वारा आंखों की जांच एवं निःशुल्क चश्मा वितरण का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मंडल के महामंत्री पवन कुमार शुक्ला के द्वारा फीता काटकर के शुभारंभ किया गया। जिसमें भारी संख्या में महिलाएं बुजुर्ग और ग्रामवासी अपने आंखों की जांच एवं निःशुल्क चश्मा प्राप्त किया। शिविर में 375 लोगों के आंखों की जांच किया गया। जिसमें 235 लोगों को निःशुल्क चश्मा का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजय तिवारी, उदय राज पांडे, सुभाष चंद्र पांडे, लालाराम भारतीय, रामचंद्र भारतीय, मसूरिया दिन भारतीय, हेमचंद्र भारतीय, बबलू सिंह, महेश यादव, शिशिर मिश्र, मल्लू देवी, रघुराज मिश्रा, मुन्नी लाल भारतीय, रामकली सहित ऊ ग्राम वाशी उपस्थित रहे।

**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, कौशाम्बी।**

**परिवाद संख्या-174/2024** **सन 2024**

मिथलेश कुमार पुत्र लल्लू प्रसाद केशवरामपुर केवटमई पो० जहॉगीर नगर, थाना खखरेरू जनपद-फतेहपुर।

........**परिवादी।**

**बनाम**

विनीत वत्स बिजनेश हेड एम0एल0जी0सी0पी0 प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड, नियर मंगला देवी स्मारक डिग्री कॉलेज, मासिका, नैनी, जनपद-प्रयागराज-211008, उ0प्र0।

......**प्रतिवादी।**

**(प्रतिवाद पत्र हेतु प्रकाशन)**

उपरोक्त परिवादी प्रतिवादीगण के विरूद्ध एक परिवाद जिला उपभोक्ता आयोग में प्रस्तुत किया है।

अतः प्रतिवादी को निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 15-12-2025 को पूर्वान्ह 10.30 बजे जिला उपभोक्ता आयोग में स्वयं अथवा किसी अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित होकर अपना प्रतिवाद पत्र प्रस्तुत करें।

यदि उपरोक्त निर्धारित तिथि को आप प्रतिवादी द्वारा प्रतिवाद पत्र प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो यह समझा जायेगा कि आप प्रतिवादी को परिवाद स्वीकार है और आप प्रतिवादी के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए निर्णय/आदेश पारित कर दिया जायेगा, जिसके लिये आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**दिनांक-28-11-2025**

**अध्यक्ष**
**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग**
**कौशाम्बी।**

# राजन महाराज की कथा हेतु कुंदौरा धाम में बैठक का आयोजन




**जंघई।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जीवन गाथा श्रीराम कथा की अमृत वर्षा का आयोजन 29 मार्च से 6 अप्रैल तक कथा स्थल देवबरा धाम, पिपरी, धनूपुर प्रयागराज में आयोजित किया गया है। जिसमें सुप्रसिद्ध कथावाचक प्रेमभूषण जी महाराज के कृपापात्र अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पूज्य राजन जी महाराज नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा की अमृत वर्षा करेगें राजन जी महाराज की होने वाली कथा के लिए तैयारियां तेजी से चल रही हैं। राजन जी महाराज की यह कथा धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व रखती है, जिसमें वे भक्ति की महत्ता पर प्रकाश डालेंगे। तैयारी का स्तर यह दशार्ता है कि आयोजन को सफल बनाने के लिए देवबरा धाम निवासी राधे मोहन पांडेय सहित बड़ी संख्या में लोगों द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को कुंदौरा महादेव मंदिर प्रांगण में भाजपा नेता अवधेश कुमार तिवारी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें तैयारियों एवं सहयोग को लेकर विचार विमर्श किया गया कार्यक्रम का संचालन बालकृष्ण तिवारी पूर्व प्रधान ने किया। इस अवसर पर अभय राज पांडेय, देवदास पांडेय, अरुण मिश्र, सौरभ तिवारी प्रधान, हरिप्रसाद मिश्रा प्रधान, अमित मिश्रा, सचिन तिवारी, अशोक तिवारी, जगदीश तिवारी, चंद्रकांत पांडेय प्रधान, पिंटू पांडेय प्रधान, विकास पांडेय इलाहाबादी, अखिलेश पांडेय, पिंटू मिश्र, इंद्रेश तिवारी, अनिल पांडेय, प्रदुम्न नारायण पांडेय, सुधाकर पांडेय, अनिल शुक्ला, विजयमनि पांडेय, विवेकानंद उपाध्याय, राधन पांडेय, शैलेश पांडेय, मुन्ना पांडेय, रविंद्र पांडेय, अनिल पांडेय, संतोष शुक्ल, केशव पाठक, सुरेंद्र तिवारी, जवाहर गौड़, श्याम सुंदर शुक्ला, गंगाधर शुक्ल, कल्लू नेता , शिवकुमार तिवारी, प्रभात तिवारी, रामेश्वर तिवारी, अनुराग पांडेय, आशीष तिवारी, निशांत तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# बसपा ने चलाया एस आई आर प्रपत्र के लिए जन जागरूकता अभियान

अखंड भारत संदेश



**सहसों।** विशेष गहन पुनरीक्षण प्रपत्र को भरवाने को लेकर बहुजन समाज पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष दीप चंद्र सरल के नेतृत्व में सहसों में जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में कार्यकताओं ने घर-घर जाकर लोगों को जागरुक करते हुए शेष बचे लोगों से समय में शीघ्र विशेष गहन पुनरीक्षण फॉर्म भरने के लिए प्रेरित किया। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि कार्यकर्ता शेष बचे दिनों में सभी घरों में जाकर गणना प्रपत्र को भरने उनकी मदद करने के साथ बूथ एवं विद्यालय में बैठकर बूथ लेवल ऑफिसर का सहयोग करेंगे। ताकि लोकतंत्र की इस महा अभियान में कोई भी मतदाता छूटने ना पाए एवं शत प्रतिशत पर प्रपत्र भरा जा सके। उन्होंने बताया कि बूथ लेवल ऑफिसर नजमा खातून, जय शीला सिंह सहित अन्य महिलाओं ने घर की बनी मुखिया को इस कार्य के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें गणना प्रपत्र के लिए जागरूक किया। जिसका परिणाम है कि लगभग 75 फीसदी फॉर्म पूर्ण हो गया है। इस मौके पर सिद्ध नारायण ऑडिटर,राजेश सिंह, विद्या आर्या,तारा सिंह, रोहित शुक्ला, नीरज विश्वकर्मा, रामनरेश आदि उपस्थित रहे।

# दरवाजों की कुंडी खटखटाइए और सभी को फॉर्म भरने के लिए प्रेरित कीजिए : कैबिनेट मंत्री नंदी



अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में रविवार को प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी पहुंचे नैनी क्षेत्र के विभिन्न बूथों का दौरा कर एसआईआर अभियान की जमीनी स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान वे बूथ लेवल अधिकारियों बीएलओ तथा पार्टी के बीएएल पदाधिकारियों से मिले और आवश्यक जानकारी प्राप्त की। मंत्री नंदी ने कार्यकताओं से कहा कि मोहल्ले में कोई भी व्यक्ति छूटना नहीं चाहिए। आप सभी घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करें, दरवाजों की कुंडी खटखटाइए और सभी को फॉर्म भरने के लिए प्रेरित कीजिए। दौरे के दौरान मंत्री नवज्योति स्कूल के पास भी पहुंचे और स्थानीय लोगों से उनके फॉर्म भरने की स्थिति के बारे में जानकारी ली। वहीं मोहल्ले में मौजूद कुछ लोगों को उन्होंने बुलाकर स्वयं उनके फॉर्म भरवाए। मंत्री के साथ बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख लोगों में नैनी मंडल अध्यक्ष रजत दुबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिलीप केसरवानी, बबलू तिवारी, जय कृष्ण तिवारी, ओम प्रकाश मिश्रा, संजय केसरवानी सीमेंट, रमेश केसरवानी, रामबाबू केसरवानी, पार्षद मयंक यादव, राजन शुक्ला, संजय गुप्ता तथा विनोद जायसवाल सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# आईएएस संतोष वर्मा के विवादित बयान पर ब्राह्मण समाज का उग्र प्रदर्शन

- पुतला दहन कर निलंबन व एफआईआर की उठी मांग
- ब्राह्मण समाज ने बयान को बताया असहनीय व अपमानजनक

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मध्य प्रदेश कैडर के आईएएस संतोष वर्मा के विवादित बयान को लेकर रविवार को यमुनापार के कौंधियारा अस्पताल तिराहे पर ब्राह्मण समाज ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। समाज के सैकड़ों लोग सड़क पर उतर आए और आईएएस वर्मा के पुतले का दहन कर तत्काल एफआईआर एवं निलंबन की मांग की।

पूरा मामला तब भड़का जब 23 नवंबर 2025 को भोपाल स्थित डॉ. अंबेडकर पार्क में संघ की बैठक के दौरान दिया गया उनका बयान वीडियो के रूप में वायरल हुआ। वीडियो में उन्होंने कथित तौर पर कहा कि जब तक कोई ब्राह्मण अपनी बेटी मेरे बेटे को दान नहीं कर देता या उसके साथ संबंध नहीं बनाता, तब तक आरक्षण खत्म नहीं होना चाहिए। इस टिप्पणी को ब्राह्मण समाज ने अपनी अस्मिता पर सीधा प्रहार बताते हुए उसे घोर आपत्तिजनक और अस्वीकार्य बताया।



कौंधियारा अस्पताल तिराहे पर आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ पुतला दहन करते ब्राह्मण समाज के सदस्य

प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि शिवशंकर ओझा और परमार्थ सेवा न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुरेश पाण्डेय ने किया। डॉ. पाण्डेय ने कहा कि बहन-बेटियों पर अभद्र टिप्पणी किसी भी अधिकारी द्वारा किया गया अक्षम्य अपराध है और ऐसे व्यक्ति पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

सामाजिक एवं ब्राह्मण संगठनों ने बयान को संविधान-विरोधी, जातीय विद्वेष फैलाने वाला और मानसिक रूप से दूषित सोच का परिणाम बताते हुए तीखी निंदा की। कार्यक्रम में सत्यम पाण्डेय, दीपक मालवीय, देवेश शर्मा, अमन द्विवेदी, राजदुलार शुक्ला, अभिमन्यु सिंह, भगवती प्रसाद शुक्ल, धर्मेंद्र ओझा, बृजलाल ओझा, हरि श्वनारायण, सुनील, सुधीर, अतुल, कुलदीप, अंबिका, उदित नारायण, अनिल पांडेय, धीरु पाण्डेय सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# आरोपी खुलेआम घूम रहे, पीड़ित परिवार दहशत में, नाबालिग का अपहरण प्रकरण फिर उठे सवाल

**करछना।** नाबालिग लड़की के अपहरण मामले में पुलिस की ढीली कार्रवाई से पीड़ित परिवार गहरे भय और असुरक्षा में जी रहा है। खीरी गांव के मजरा बरबटिया में दो दिन पूर्व 15 वर्षीय किशोरी के कथित अपहरण के बाद पुलिस ने केस तो दर्ज कर लिया, लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी अभी तक नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश है।

पीड़ित पिता शिवराम ने गांव के रमेश साहू, उमेश साहू और कन्हैयालाल पर बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि शिकायत देने के बावजूद पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। आरोपियों का साहस इतना बढ़ गया है कि वे खुलेआम गांव और थाना क्षेत्र में घूम रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि मुख्य आरोपी शनिवार को थाना प्रभारी कौंधियारा से मिलने भी आया था, जिसे कई लोगों ने देखा। बावजूद इसके उसकी गिरफ्तारी नहीं की गई।

पीड़ित का आरोप है कि जब वह जानकारी लेने थाने जाता है, तो आरोपी रास्ते में रोककर धमकाते हैं और मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाते हैं। इससे परिवार सहमा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपियों को थाना प्रभारी कौंधियारा की शह प्राप्त है, इसलिए गिरफ्तारी नहीं की जा रही।

## एनईपी लागू होने के बाद स्नातक के नए पाठ्यक्रम की पहली परीक्षा आज से शुरू

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति पर आधारित चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो रही हैं। इवि कैंपस और 11 संघटक कालेजों में करीब 15 हजार परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। पहली पाली सुबह 8:30 बजे से 11:30 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर एक बजे से शाम चार बजे तक निर्धारित की गई है। मेजर विषय की परीक्षा में परीक्षार्थियों को उत्तर लिखने के लिए दो या तीन अलग-अलग उत्तर पुस्तिकाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। प्रत्येक उत्तर पुस्तिका एक-एक विशेष प्रश्न-पत्र के लिए निर्धारित होगी। पेपर-एक के लिए दी जाने वाली उत्तर पुस्तिका पर हरे रंग का स्टिकर या स्टांप, पेपर-दो के लिए लाल रंग का तथा पेपर-तीन के लिए नीले रंग का स्टिकर या स्टांप लगाया जाएगा। इसके साथ ही परीक्षार्थियों को बी-कापी नहीं मिलेगी। परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट बाद परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं मिलेगा और परीक्षा समाप्ति से 30 मिनट पहले किसी को भी कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। इवि ने निर्धारित स्थान के अलावा कहीं और रोलनंबर लिखने या कोई चिन्ह बनाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। इवि प्रशासन के अनुसार निर्धारित स्थान पर अपना रोल नंबर लिखने की अनुमति होगी। प्रश्न पत्र पर किसी भी प्रकार की अन्य लिखावट को अनुचित साधन (यूएफएम) मानते हुए परीक्षर्थी के विरुद्ध कार्रवाई होगी। दिव्यांग अभ्यर्थियों को स्क्राइब (लेखक) की सुविधा को लेकर इवि ने दिशानिर्देश जारी किया है। लोकोमोटर डिसएबिलिटी और सेरेब्रल पाल्सी से ग्रसित अभ्यर्थी, जिनका लिखने वाला अंग (डामिनेंट हैंड) कम से कम 40 प्रतिशत तक प्रभावित है। उन्हें प्रति घंटे 20 मिनट का अतिरिक्त समय प्रदान किया जाएगा। इसी तरह दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों (कम से कम 40 प्रतिशत दिव्यांगता) को प्रश्नपत्र को बड़े अक्षरों (मैग्नीफाइड फांट) में देखने की सुविधा दी जाएगी और उन्हें भी 20 मिनट प्रति घंटे अतिरिक्त समय मिलेगा।

# वरिष्ठ साहित्यकार जटाशंकर प्रियदर्शी को मिलेगा साहित्य रत्न सम्मान

## साहित्यकार सत्कार:आपके द्वार सम्मान योजना में सम्मानित किये जाएंगे अक्षयवट के रचनाकार

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मौलिक विचार एवं साहित्यिक सर्जना की प्रतिनिधि पत्रिका साहित्यांजलि प्रभा द्वारा प्रवर्तित साहित्यांजलि प्रकाशन प्रयागराज इस माह का साहित्य रत्न सम्मान वरिष्ठ साहित्यकार जटाशंकर प्रियदर्शी को प्रदान करेगा।उपरोक्त निर्णय साहित्यांजलि प्रकाशन प्रयागराज की मासिक बैठक में आज सर्व सम्मति से लिया गया जिसकी अध्यक्षता पंडित राकेश मालवीय मुस्कान ने की । डॉ योगेंद्र कुमार मिश्रा विश्वबंधु के संचालन में उनके आवास पर सम्पन्न हुई बैठक में मासिक पत्रिका साहित्यांजलि प्रभा को और अधिक साहित्य निष्ठ बनाने का संकल्प लिया गया और साथ साथ पत्रिका परिवार में मातृशक्ति को भी प्रतिनिधित्व दिए जाने पर प्रस्ताव पारित किया गया। सह संपादक मंडल में रेखा तिवारी को शामिल करने पर सहमति जताई गई। पत्रिका में कुछ स्थाई स्तंभ बढ़ाने एवं कलेवर को और अधिक आकर्षक बनाने का निर्णय लिया गया। दिसम्बर माह का साहित्य रत्न सम्मान वरिष्ठ साहित्यकार जटाशंकर प्रियदर्शी को




प्रदान करने का निर्णय लिया गया जो साहित्यकार सत्कार आपके द्वार सम्मान योजना में प्रत्येक माह में दिया जाता है। मासिक पत्रिका साहित्यांजलि प्रभा के नगर कार्यालय (सम्पादकीय) को डॉ योगेंद्र कुमार मिश्रा विश्वबंधु के आवास पर ही करने का भी प्रस्ताव करतल ध्वनि से पारित किया गया। साहित्यांजलि प्रकाशन से जुड़े सम्मानित साहित्यकारों को भी क्रमशः सम्मानित कराए जाने पर भी आम सहमति जताई गई।

इस महत्वपूर्ण बैठक में डॉ ० भगवान प्रसाद उपाध्याय, डॉ ० राम लखन चौरसिया वागीश, डॉ राम सुख यादव, रवीन्द्र कुशवाहा, शंभूनाथ श्रीवास्तव , श्रीमती रेखा तिवारी ने अपने विचार व्यक्त किए। आभार डॉ योगेंद्र कुमार मिश्रा विश्वबंधु ने व्यक्त किया।

## मतांतरण व नशा रोकने में सरकार का सहयोग करेंगे संत, बोले- श्री पंचायती अखाड़ा निर्मल के सचिव महंत देवेंद्र

**प्रयागराज।** मतांतरण व नशा राष्ट्र के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती हैं। नशा से युवाओं का भविष्य अंधकारमय है। वहीं, मतांतरण से सामाजिक स्वरूप बिगड़ रहा है। लोभ, मोह और भय से धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। इसे रोकने को सरकार प्रयत्नशील हैं। सरकार को संत पूरा सहयोग करेंगे। यह बातें श्री पंचायती अखाड़ा निर्मल के सचिव महंत देवेंद्र सिंह शास्त्री ने उक्त बातें कही। वह रविवार को अखाड़े के संस्थापक श्रीमहंत मेहताब सिंह की स्मृति में आयोजित संत समागम को संबोधित कर रहे थे। अखाड़ा के कीडगंज स्थित मुख्यालय पीली कोठी पर आयोजित समागम में 13 अखाड़ों के संत शामिल हुए। उन्होंने कहा कि हरिद्वार का अर्द्धकुंभ, नासिक व उज्जैन के कुंभ मेला सनातन धर्म का वैभव बढ़ाएगा। इसमें संत धर्म व मानवता के समक्ष व्याप्त चुनौतियों पर मंथन करेंगे। धर्म व मानवता विरोधी शक्तियों को परास्त करने के लिए राष्ट्रव्यापी मुहिम चलाई जाएगी। श्रीमहानिवार्णी अखाड़ा के सचिव श्रीमहंत यमुना पुरी ने कहा कि धर्म व मानवता के लिए अखाड़े सर्वस्व न्योछावर करने से पीछे नहीं रहते। अखाड़ों के संतों के पुरुषार्थ से धर्म व मानवता की रक्षा हुई है।

# नेत्र शिविर का आयोजन सम्पन्न जांच कर निःशुल्क चश्मा वितरण



अखंड भारत संदेश

**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के विकास खण्ड मांडा अन्तर्गत ऊंचडीह ग्राम पंचायत के दलईपुर गांव में रिती आई केयर हॉस्पिटल प्रयागराज द्वारा नेत्र शिविर का आयोजन किया।

रविवार को ऊंचडीह ग्राम पंचायत के दलईपुर गांव में रिती आई केयर हॉस्पिटल प्रयागराज द्वारा नेत्र शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नेत्रों की जांच कर निःशुल्क चश्मा वितरित किया गया। वही गांव में नेत्र के कुल 83 लोगों ने आँख की जांच कराया। जांच के दौरान 16 लोगों को रिती आई केयर हॉस्पिटल प्रयागराज के लिए रिफर किया। जहां कि निःशुल्क आयुष्मान कार्ड द्वारा किया जाएगा। नेत्र शिविर में निवर्त्तमान जिला पंचायत सदस्य सुमन कोल, लाला राम विद्यार्थी, बैजनाथ यादव, हरि प्रताप यादव, विजय शंकर यादव, जगत बहादुर, अरबिन्द यादव, प्रशांत, आरती कोल आदि मौजूद रही।

# थाना नैनी पुलिस टीम द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त व 01 अभियुक्ता गिरफ्तार

**नैनी।** नैनी थाना में पुलिस आयुक्त प्रयागराज जोगेन्द्र कुमार तथा अपर पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था डॉ. अजय पाल शर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत यमुनानगर के पुलिस उपायुक्त विवेक चन्द्र यादव के निदेर्शानुसार एवं सहायक पुलिस आयुक्त करछना अरुण कुमार तिवारी के पर्यवेक्षण में थाना नैनी पुलिस ने महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। थाना नैनी प्रभारी निरीक्षक बृज किशोर गौतम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट एक्ट से संबंधित दो वांछित व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। वही गिरफ्तार सोनू भारतीया पुत्र अशोक कुमार भारतीया निवासी नई बस्ती महेवा पश्चिम पट्टी, थाना नैनी व एक महिला को पुलिस टीम ने दोनों को रविवार को उनके आवास से दबिश देकर गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। नैनी प्रभारी निरीक्षक बृजकिशोर गौतम, उ0नि0 उत्कर्ष सिंह, नेहा चौधरी, कुलदीप उपाध्याय, नीलेश मौर्या, सुनील कुमार पुलिस टीम मौजूद थी।



## नगर निगम से सिर्फ सात दिनों में ही मिल जाएगी एनओसी

**प्रयागराज।** शहर में मकान बनाने के लिए नगर निगम की ओर से दी जाने वाली नो आब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) के लिए अब आपको अधिकारियों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। एक सप्ताह के भीतर नगर निगम का नजूल विभाग दस्तावेजों और जमीन का निरीक्षण करके एनओसी जारी कर देगा। एनओसी को जारी करने में अगर नजूल विभाग की ओर से देरी की जाएगी तो इसका लिखित कारण बताना होगा। नगर आयुक्त साईं तेजा ने जन सुविधाओं को देखते हुए एनओसी जारी करने की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है। शहर में मकान बनाने के पहले प्रयागराज विकास प्राधिकरण से मानचित्र पास कराना अनिवार्य है। मानचित्र पास कराने के लिए अगल-अलग विभागों से नो आब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) लेना अनिवार्य होता है। नगर निगम के नजूल विभाग की एनओसी इसमें सबसे अहम होती है। लेकिन निगम के कर्मचारियों की लापरवाही के कारण लोगों को एनओसी के लिए कई दिनों तक चक्कर काटने पड़ते हैं। एनओसी न मिलने के कारण मानचित्र पास होने में देरी होती है।

# खरकनी में आनंद मार्ग स्कूल स्टू-वॉल कैंप एवं वार्षिक खेलकूद कार्यक्रम सम्पन्न





अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के खरकनी आनंद मार्ग स्कूल में से प्रिंसिपल आनंद प्रतिष्ठा आचार्य के निर्देशन में स्टू-वॉल कैंप एवं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस सप्ताहभर चलने वाले विशेष शिविर का उद्देश्य बच्चों के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास को सुदृढ़ बनाना रहा। कैंप के दौरान क्षेत्रीय सचिव आनंद अदिति आचार्य ने बच्चों को नव्या मनोविज्ञान एवं निरंतर नैतिक विकास से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया। साथ ही, पशु-पक्षियों, पेड़-पौधों, लता-गुल्मों तथा प्राकृतिक संपदा की सुरक्षा पर विशेष कक्षाएँ आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के व्यवहारिक उपाय सिखाए गए। इसके अतिरिक्त, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने हेतु बच्चों को संतुलित भोजन कैसे करें, उचित वस्त्र चयन तथा अनुशासित दिनचर्या के महत्व पर भी जागरूक किया गया। शारीरिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का समापन रविवार को सामूहिक भोजन के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में किया गया।

# शैक्षिक परिवेश की मजबूती से भारत की सफलता का लहरा रहा परचम : प्रमोद तिवारी

## भागवतदत्त स्मृति दिवस समारोह में मेधावियों को मिला लैपटॉप व मेडल

**अखंड भारत संदेश**





**प्रतापगढ़।** अझारा स्थित भागवतदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर मे रविवार को जानेमाने शिक्षामनीषी व समाजविद पं0 भागवतदत्त मिश्र का पन्द्रहवां स्मृति दिवस समारोह रंगारंग कार्यक्रमों की ऊंचाईयों पर दिखा। भागवतदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पं0 नागेशदत्त पब्लिक स्कूल, मौलवी फरजन्द अली कॉलेज आफ लॉ, तारा देवी क्रिकेट एकेडमी एवं तारा देवी इंस्टीटयूट ऑफ एजूकेशन एण्ड टेक्नोलॉजी के स्मृति दिवस पर हुए संयुक्त वार्षिकोत्सव का समारोह का शुभारंभ राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने भागवत समग्र विकास समिति के अध्यक्ष रमेशचंद्र मिश्र के साथ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर स्व. पं. भागवतदत्त मिश्र की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। स्मृति दिवस समारोह को भव्यता प्रदान करते हुए सांसद प्रमोद तिवारी ने क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से सरयू समाज कल्याण संस्थान द्वारा संचालित मेधावी प्रोत्साहन के तहत सर्वश्रेष्ठ इण्टरमीडिएट की छात्र श्रेयांश गिरि तथा हाईस्कूल के छात्र शिवांश शुक्ला को लैपटाप प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं सांसद प्रमोद तिवारी ने शैक्षिक संस्थानों के अन्य प्रतिभाशील मेधावियों को भी भागवत दत्त समग्र विकास समिति की ओर से मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि शैक्षिक परिवेश के सुदृढ़ ढ़ांचे के जरिए आज देश की प्रतिभाएं वैश्विक पटल पर भारतीय सफलता का परचम लहरा रही हैं। उन्होने शिक्षामनीषी स्व0 पं0 भागवतदत्त मिश्र के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होनें प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में आदर्श मापदण्ड के जरिए गुरूकुल की परम्पराओं को सुशोभित किया। उन्होने कहा कि भारत को दुनिया के ज्ञान गुरू बनने का गौरवशाली मुकाम दिलाने के लिए युवा शक्ति को प्रतिस्पर्धा के प्रति सतत प्रयास मजबूत बनाना चाहिए। उन्होनें कहा कि ऐसे में शिक्षाविदो पर राष्ट्र के प्रति सर्वस्व समर्पण की पीढ़ी तैयार करने की अहम जिम्मेदारी है। प्रारम्भ में संस्थान की ओर से सीमा मिश्रा ने शिक्षण संस्थानों की प्रगति आख्या रखते हुए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संयोजन पूर्व आईएएस रमेशचंद्र मिश्र व समाजसेवी प्रकाशचंद्र मिश्र ने किया। आभार प्रदर्शन केडी मिश्र ने किया। कार्यक्रम में संस्थान के छात्र छात्राओं माही, नेहाली, शौर्य, दीपिका, श्लोक, नैन्सी, दीपक, पीयूष, हर्ष, अवतांश आदि ने मनमोहक कौवाली, लोक नृत्य, भाव नृत्य, गजल, की प्रस्तुतियों से स्मृति दिवस समारोह का रंग चढ़ाया। छात्राओं की प्रस्तुतियों में देशभक्ति का भाव भी पारंपरिक गरिमा का आगाज लिये हुए दिखा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों को देख अतिथि व अभिवावकों को मंत्रमुग्ध देखा गया। सामूहिक देशगान ने राष्ट्रीयता का उल्लास पेश किया। समारोह में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने शिक्षा, लोक प्रशासन, सामाजिक एवं लेखन आदि के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए पूर्व आईएएस अरविन्द मिश्र, बीके बंसल, आधार बंसल आदि को भागवतदत्त मिश्र स्मृति सम्मान के तहत अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं आयोजन समिति द्वारा सांसद प्रमोद तिवारी को लोकसेवा के क्षेत्र में योगदान के लिए मोमेण्टो तथा शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संयोजन सह संयोजिका रीमा मिश्रा ने किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक प्रदीप शुक्ल तथा छात्र मो0 जैद व छात्रा काव्या सिंह ने संयुक्त रूप से किया। समारोह का संयोजन प्रबन्धक सुनीता मिश्रा, संरक्षक केडी मिश्र, प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी, डॉ. पूनम त्रिपाठी, ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सुशीला ओझा, विशालमूर्ति मिश्र, विनय शुक्ल, डॉ. शिवमूर्ति शास्त्री, प्रधानाचार्या शोभा श्रीवास्तव, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, रामलोचन त्रिपाठी, डा0 पुरूषोत्तम शुक्ल, सुनील शुक्ल, विकास मिश्र, पप्पू तिवारी, सुरेन्द्र सिंह ददन, कुंवर ज्ञानेन्द्र सिंह, बृजेश द्विवेदी, छोटे लाल सरोज, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, दीपू मिश्र आदि रहे।

## पुलिस मुठभेड़ में एक आरोपी को लगी गोली, घायल



**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के सेतापुर स्थित खटखटावा पुल के पास गोवध हत्या के प्रयास और पशु क्रूरता के आरोपी ओंकारनाथ से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी की तो आरोपी ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में आत्मरक्षा के दौरान बदमाश के दाहिने पैर में गोली लग गई, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।पुलिस ने मौके से एक बाइक, 315 बोर का तमंचा, दो खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद किए। साथ ही आरोपी द्वारा ले जाए जा रहे गोवंश को भी मुक्त कराया गया। थाना अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी पर कई गंभीर धाराओं में कार्रवाई की जा रही है।

## विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर संवाद कार्यक्रम हुआ आयोजित

**अखंड भारत संदेश**




**प्रतापगढ़।** हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज सभागार में रविवार को विकसित भारत को लेकर युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबन्ध समिति की अध्यक्ष डॉ0 पूर्णिमा मिश्रा व मॉय भारत के उप निदेशक समर बहादुर सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में बोलते हुए उप निदेशक समर बहादुर ने कहा कि भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को बढ़ाने में युवाओं का योगदान अमूल्य है। समारोह में पूर्व उप निदेशक स्वास्थ्य डा0 पुरूषोत्तम शुक्ल, रोशन सिंह, शोभनाथ प्रजापति, ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने विकसित भारत को लेकर युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। वहीं संवाद कार्यक्रम में प्रतिभागी मीनाक्षी कोरी, तनु मिश्रा, शशांक त्रिपाठी, महीप सिंह ने विकसित भारत को लेकर अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रबन्ध समिति की अध्यक्ष डॉ0 पूर्णिमा मिश्रा ने देश के निर्माण में युवाओं से रचनात्मक भूमिका का आहवान किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 रिचा सुकुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। एनएसएस के जिला नोडल डॉ0 फणीन्द्र नारायण मिश्र ने संवाद कार्यक्रम के उददेश्य पर प्रकाश डाला। संचालन डॉ0 गंगाधर मिश्र ने किया। कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 शिवकुमार यादव ने आभार प्रदर्शन किया। इस मौके पर साहित्यकार अनूप प्रतापगढ़ी, डॉ0 सीमा त्रिपाठी, इं. जितेन्द्र त्रिपाठी, शिवाकांत मिश्र आदि रहे।

## न्यूज झरोखा

### युवती से गैंगरेप के आरोप में दो नामजद व एक अज्ञात पर केस, युवती की तहरीर पर पट्टी कोतवाली में दर्ज किया गया मुकदमा

**पट्टी।** कोतवाली इलाके में रिश्तों को कलंकित करने वाला गंभीर मामला सामने आया है, जहाँ एक युवती ने तीन लोगों पर गैंगरेप का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। मामले में पुलिस ने युवती से पूछताछ के बाद मेडिकल के लिए भेज दिया। पट्टी कोतवाली इलाके के एक गांव की युवती ने गैंगरेप का आरोप लगाते हुए दो नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। नामजद आरोपी में एक युवती के परिवार का ही बताया जा रहा है। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने युवती से पूछताछ के बाद मेडिकल परीक्षण भी कराया। पुलिस के अनुसार पीड़िता ने अपने बयान में आरोपियों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म किये जाने की बात कही है। युवती की तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ गैंगरेप सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले में गहनता से छानबीन कर रही है। कोतवाल अभिषेक सिरोही ने बताया कि मुकदमे में नामजद मुख्य आरोपी बद्री प्रसाद कोटेदार निवासी कोहराव कोतवाली पट्टी व आशीष सिंह निवासी सोहाई बाग जनपद रायबरेली व एक अज्ञात पर गैंगरेप का मुकदमा दर्ज किया गया है। एक आरोपी को जेल भेज दिया गया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

### सामान लेने गए युवक पर जानलेवा हमला

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के किठौली जलालपुर गांव में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया जब दुकान पर सामान लेने गए एक युवक पर अचानक जानलेवा हमला कर दिया गया। गांव निवासी राजेश यादव पुत्र बेनी माधव यादव ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह रोजमर्रा का सामान लेने के लिए नजदीकी दुकान पर गया था। दुकान पर पहले से मौजूद कुछ लोगों ने बिना किसी कारण उसके साथ बहस शुरू कर दी और देखते ही देखते उस पर जानलेवा हमला बोल दिया।मारपीट में राजेश यादव बुरी तरह घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पीड़ित का कहना है कि हमलावरों ने उसे मारने की नीयत से हमला किया और घटना के दौरान वह जान बचाकर किसी तरह वहां से भाग निकला।घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, गांव में इस घटना के बाद तनाव का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने और हमलावरों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तीन पर मारपीट का केस

**प्रतापगढ़।** मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के कुसौली गांव की गुड़िया देवी पत्नी दारा सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती छः दिसंबर को सुबह करीब ग्यारह बजे पुरानी रंजिश को लेकर गांव के हनुमान पुत्र गयादीन, शैलेष व गोलू पुत्रगण हनुमान दरवाजे पर पहुंचकर मारपीट किया। आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जानलेवा धमकी भी दी और पीड़िता का फोन क्षतिग्रस्त कर दिया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### घर में घुसकर की मारपीट, आधा दर्जन पर केस

**लालगंज।** रंजिश को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के रैचनपुर गांव की आयशा बानो पत्नी मो0 अमीर ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पांच दिसंबर को दोपहर करीब तीन बजे वह अपने दरवाजे पर बैठी थी। आरोप है कि इसी बीच गांव के मो0 रिजवान, मो0 सरफराज, रमजान अली, अब्दुल कादिर, इरफान व अल्ताफ वहां पहुंचे और घर में घुसकर पीड़िता व परिवार के लोगों को मारापीटा। एसओ राजेन्द्र त्रिपाठी का कहना है कि जांच के बाद आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## पट्टी-चांदा मार्ग पर बने गड्ढे हादसे को दे रहे निमंत्रण

### शासन से पैसा स्वीकृत, फिर भी सड़क मरम्मत अधर में

**अखंड भारत संदेश**



**पट्टी।** पट्टी-चांदा मार्ग की बदहाल स्थिति किसी से छिपी नहीं है। सड़क पर जगह-जगह बने बड़े-बड़े गड्ढों ने राहगीरों की परेशानी बढ़ा दी है। विशेष रूप से श्रीनाथपुरम गांव के पास बना विशाल गड्ढा आए दिन दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस गड्ढे में गिरकर अब तक कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं और कुछ मामलों में मौत तक हो चुकी है, लेकिन फिर भी संबंधित विभाग की चुप्पी बरकरार है।स्थानीय निवासी अवधेश सिंह ने बताया कि सड़क की मरम्मत के लिए शासन से धनराशि स्वीकृत हो चुकी है, लेकिन कार्य शुरू नहीं कराया गया। इससे यह स्पष्ट होता है कि जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के कारण सड़क की दुर्दशा लगातार बढ़ती जा रही है। उनका कहना है कि कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर आश्वासन ही मिला। परिणामस्वरूप लोग हर दिन हादसों का जोखिम उठाने को मजबूर हैं।ग्रामीणों का गुस्सा लगातार बढ़ रहा है। उनका कहना है कि जब तक सड़क की मरम्मत नहीं की जाती, तब तक दुर्घटनाओं का खतरा बना रहेगा। क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन से सड़क को तत्काल ठीक कराने की मांग की है, ताकि लोगों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन मिल सके।

## सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम में भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों पर दिया जोर

**अखंड भारत संदेश**




**लालगंज।** नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में रविवार को सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम समारोहपूर्वक मनाया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर विद्या भारती के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अखिल भारतीय बालिका शिक्षा समिति की संयोजिका रेखा चूड़ासमा द्वारा मां सरस्वती व भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। मुख्य अतिथि ने कहा कि भारतीय परम्परा की वेशभूषा, भजन, भवन, भ्रमण और भोजन विशेष है। उन्होने विदेशी आचरण का अंधा अनुकरण छोड़कर देश की परम्परा को आत्मसात करने का आहवान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय की व्यवस्थापिका एवं पूर्व प्रवक्ता माधुरी ओझा ने कहा कि भारतीय परम्परा के अनुशरण से ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन सम्भव हो सकेगा। माधुरी ओझा ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए पौधरोपण के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि संयोजिका विद्या भारती काशी प्रांत रेखा ने भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। अतिथि पूनम पाण्डेय ने समाज की महिलाओं में कुटुम्ब प्रबोधन की बात रखी। इससे पूर्व विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मंत्रमुग्ध किया। विद्यालय के निदेशक राम अवधेश मिश्र ने अतिथियों का स्वागत एवं प्रधानाचार्य उमाशंकर मिश्र ने आभार जताया। इस मौके पर उमेश पाल मिश्र, शिवदीप शुक्ल, हर्षद शुक्ला, प्रमोद पाण्डेय, रेखा ओझा, रूचि, उमाशंकर आदि मौजूद रहे।

## बाजार में फुटपाथ पर दुकानदारों का कब्जा, बढ़ी अव्यवस्था

**पट्टी।** बाजार की बदहाल स्थिति अब स्थानीय लोगों के लिए बड़ी समस्या बन चुकी है। बाजार क्षेत्र में कई दुकानदार फुटपाथ और सड़क के हिस्से पर कब्जा जमाए हुए हैं, जिसके चलते रोजाना भीषण जाम की स्थिति बन जाती है। राहगीरों से लेकर वाहन चालकों तक सभी परेशान हैं, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग मौन है और कार्रवाई के नाम पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि दुकानदार अपनी दुकानें सड़क तक फैलाकर सामान सजाते हैं, जिससे सड़क का अधिकांश हिस्सा घिर जाता है। इसके कारण मुख्य बाजार में घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है। स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों, महिलाओं और बुजुर्गों को सड़क पार करने में तकलीफ होती है। कई बार एंबुलेंस तक जाम में फंस चुकी है, लेकिन फिर भी स्थिति जस की तस है।ग्राहकों और दुकानदारों के बीच अक्सर विवाद की नौबत तक आ जाती है, क्योंकि सड़क संकरी हो जाने से वाहन निकालना कठिन हो जाता है। स्थानीय निवासी बार-बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर कोई कदम न उठाए जाने से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।ग्रामीणों और व्यापारियों का कहना है कि यदि बाजार में अतिक्रमण हटवाकर सड़क को खाली नहीं कराया गया, तो दुर्घटनाओं और जाम की समस्या और बढ़ेगी। लोगों ने प्रशासन से तत्काल प्रभावी कार्रवाई की मांग की है, ताकि बाजार में सामान्य आवागमन बहाल हो सके और लोगों को राहत मिले।

### भाजपा नेता को मोबाइल पर मिली जान से मारने की धमकी

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के सदहा गांव निवासी भाजपा नेता कैलाश यादव को एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाइल फोन पर जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। भाजपा नेता ने बताया कि शनिवार शाम लगभग 4 बजे से लेकर रात 9 बजे तक किसी अनजान नंबर से लगातार फोन कर अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया और धमकियां दी गईं।कैलाश यादव के अनुसार, जब उन्होंने कॉल करने वाले व्यक्ति की पहचान जानने का प्रयास किया, तो कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी। बाद में जब उन्होंने उस नंबर पर वापस कॉल किया, तो फोन रिसीव नहीं किया गया।लगातार मिल रही धमकियों से परेशान होकर भाजपा नेता ने रविवार को संबंधित मोबाइल नंबर के खिलाफ कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत प्राप्त होते ही मामले की जांच शुरू कर दी है, और कॉल करने वाले की पहचान निकालने में जुटी हुई है।पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## हिन्दू समाज को संगठित करके भारत को बनाना है भव्य भारत : ओम प्रकाश

### बहुचरा इंटर कालेज में आरएसएस द्वारा आयोजित हुआ विराट हिंदू सम्मेलन

**अखंड भारत संदेश**




**प्रतापगढ़।** आज हिंदू समाज को सशक्त एवं सुदृढ़ करने की आवश्यकता है,ताकि हिन्दू समाज के विरुद्ध चल रहे विधर्मियों के षड्यंत्रों को जड़मूल समाप्त किया जा सके और ये तब संभव है जब हिन्दू जाति एकसूत्र मे आबद्ध रहेगी। उक्त बातें रविवार को सकल हिन्दू समाज समिति के आयोजकत्व में संडवा चंद्रिका खंड के कोडरामादूपुर न्याय पंचायत स्थित बहुचरा इंटर कालेज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन को बतौर मुख्य वक्ता सम्बोधित करते हुए आरएसएस प्रतापगढ़ के विभाग प्रचारक ओम प्रकाश ने कहा। उन्होंने कहा कि आज हिंदू राष्ट्र, हिंदू समाज, हिंदू धर्म और हिंदू संस्कृति के बारे में समाज को जागृत करने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का आरंभ से उद्देश्य रहा है कि सकल हिन्दू समाज को संगठित करके भारत को भव्य भारत बनाना। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्पअर्पित कर दीप प्रवज्जलन किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा भजन गायन एवं हिंदुत्व पर आधारित काव्य पाठ किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि महंत बृजेश गिरी महराज, विशिष्ट अतिथि चंदीराम एवं अति विशिष्टअतिथि के रूप में मातृशक्ति दीक्षा सिंह की गरिमामय उपस्थिति रही, जिन्होंने अपने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला प्रचारक प्रवीण कृष्ण, खंड कार्यवाह उमेश, राजकुमार, आशीष, भूपेंद्र, सूर्यभान, शिव शंकर,राम केवल, उमंग, अनिल आदि उपस्थित रहे।

# संदिग्ध दशा में मां-बेटे का चारपाई पर मिला शव, जहर खिलाने की आशंका





अखंड भारत संदेश

**● मृतक की पत्नी अपने बेटे के साथ अपने मायका में रहती थी**

**कड़ा कौशांबी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के बारह हवेली खालसा गांव में रविवार दोपहर घर के भीतर अलग अलग चारपाई पर वृद्ध मां और उसके बेटे का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ है आशंका जताई जा रही कि जहर खिलाने से वृद्ध महिला और उसके बेटे की मौत हुई है घटना की जानकारी आसपास के लोगों को लगी तो मौके पर भीड़ लग गई है मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है जानकारी मिलते ही थाना पुलिस के साथ क्षेत्राधिकारी सिराथू सत्येंद्र तिवारी घटनास्थल पर पहुंचे हैं घटनास्थल का मौका मुआयना करने के बाद मां बेटे के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है आशंका जताई जा रही है कि जहर खिलाने से मां बेटे की मौत हुई है मृतक की पत्नी अपने बेटे के साथ भरवारी में अपने मायके में रहते थी मौत की जानकारी मिलते ही वह भी पहुंच गए हैं। जानकारी के मुताबिक कड़ा धाम थाना क्षेत्र के बारह हवेली खालसा गांव निवासी विजय मिश्रा उम्र 55 वर्ष पुत्र सियाराम मिश्रा और उनकी माता मौला देवी उम्र 75 वर्ष पत्नी सियाराम घर में रहते थे विजय कुमार की पत्नी मीता देवी अपने बेटे रत्नेश मिश्रा के साथ अपने मायके भरवारी में रहते हैं विजय कुमार अपनी वृद्ध माँ मौला देवी उम्र 75 वर्ष के साथ घर में रहते थे बताया जाता है कि रविवार की दोपहर विजय कुमार और उसकी मां मौला देवी जब घर के बाहर नहीं निकले तो पड़ोस के लोगों को आशंका शुरू हो गई लोगों ने सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने सीढ़ी लगा करके घर के अंदर प्रवेश किया है और आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे हैं तो देखा कि घर के भीतर अलग-अलग चारपाई पर मां बेटे के शव पड़े हुए हैं पुलिस ने मृतक दोनों लोगों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया दोनों लोगों की मौत रहस्य बनी हुई है घर के भीतर अलग अलग चारपाई पर दोनों शव पड़ा हुआ था मुंह से झाग निकला था दोनों की मौत हो चुकी थी इलाके में तरह-तरह की चचाओं का बाजार गर्म है लोग विश्वास नहीं कर पा रहे हैं कि अचानक घर के भीतर मां बेटे की मौत कैसे हो गई है बताया जाता है कि मृतक की पत्नी मीता देवी अपने बेटे के साथ अपने मायके भरवारी में रहती है।

## संदिग्ध दशा में महिला की मौत, हत्या का आरोप

**घर पर ही सिलाई का काम करके घर का खर्च चलाने में महिला करती थी सहयोग**

**15 वर्ष पूर्व हुई थी महिला की शादी मौत के बाद तीन बच्चों के सामने खड़ी मुसीबत**



अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के जलालपुर साना गांव में शनिवार की रात एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की जानकारी पर पुलिस लेकर पहुंचे मायका पक्ष के लोगों ने पति पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के अमूरा गांव निवासी गीता देवी उम्र लगभग 35 वर्ष की शादी करीब 15 साल पहले चरवा के जलालपुर साना गांव निवासी राजेश कुमार सरोज उर्फ राजू के साथ हुई थी। राजू मेहनत मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता है। पत्नी घर पर ही सिलाई का काम करके घर का खर्च चलाने में सहयोग करती थी। पति के मुताबिक शनिवार की रात वह अपने कमरे में सोई थी। रात में पंखे पर साड़ी का फंदा डालकर उसने खुदकशी कर लिया। जबकि मृतका के भाई जयसिंह ने आरोप लगाया कि पति ने गला दबाकर हत्या किया है। मृतका के भाई ने आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। महिला के तीन बच्चे 12 वर्षीय शिवा, 10 वर्षीय रब, सात साल की नीतू सहित परिजनों में कोहराम मचा रहा। इस संबंध में चरवा इंस्पेक्टर महेश सिंह का कहना है कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के मामले की जानकारी होने पर कार्रवाई होगी।




## देश की मजबूती के लिए किसानों को मजबूत करना जरूरी है : सुशील जय हिंद

**कौशांबी।** जय जवान जय किसान मंच के संयोजक चायल विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुशील जय हिन्द ने रविवार को अपने संगठन के साथियों के साथ चायल तहसील में बैठक की बैठक की अध्यक्षता करते हुए सुशील जय हिंद ने कहा कि बीते दिनों में विधानसभा का चुनाव मै लड़ा था सिर्फ इसलिए कि हर गांव तक में जाना चाहता था हर गांव की समस्या हर गांव के दर्द को देखना चाहता था चुनाव जीतना हारना अलग की बात है लेकिन मैंने देखा है आज भी हर गांव में मजदूर किसान और बेरोजगार नौजवान भुखमरी के कगार पर है नौजवानों को रोजगार नहीं मिल रहा है किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है किसानों को खाद पानी नहीं मिल पा रहा है और मजदूर भी पलायन करने के लिए तैयार बैठा है कृषि प्रधान देश में अगर किसानों को मजबूत नहीं किया गया तो देश मजबूत नहीं हो पाएगा। इस मौके पर हर गरीब किसान वा मजदूर की आवाज बनाकर उनकी आवाज उठाने के उद्देश्य से धरना प्रदर्शन किया गया इस दौरान उन्होंने कहा कि आशिक्षा का काला घना अंधेरा अभी भी छाया हुआ है जबकि कौशांबी गृह जनपद है प्रदेश को उपमुख्यमंत्री के रूप में उपमुख्यमंत्री दिया लेकिन विकास के नाम पर आज सब शून्य है बैठक में जिला अध्यक्ष विपिन पटेल भारत लोचन पटेल देवराज पाल दीनानाथ पाल शीशु और अजय पटेल अभिषेक सुरेंद्र सरोज भानु प्रताप वीरेंद्र चौरसिया एडवोकेट व सैगलू संगठन के साथियों ने अपने-अपने विचार रखें संचालन विपिन चौहान एडवोकेट हाई कोर्ट ने किया इस मौके पर इलाके के सैकड़ो किसान नौजवान मौजूद रहे।

## बाइक ने महिला को मारी टक्कर इलाज के दौरान मौत





**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के इक्का अड्डा सर्विस रोड पर शनिवार की शाम पैदल अपने घर बघेलापुर जा रही महिला को तेज रफ्तार बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी है जिससे महिला सड़क पर गिर पड़ी है और गंभीर रूप से घायल हो गई है दुर्घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया जहां हालत गंभीर होने पर महिला को चिकित्सकों ने प्रयागराज रेफर कर दिया इलाज के दौरान महिला की रात में मौत हो गई है मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है दुर्घटना करने वाली बाइक को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के बघेलापुर गांव निवासी महिला सबनम बानो उम्र लगभग 32 वर्ष पत्नी मुस्तकीम अहमद शनिवार की शाम को पैदल घर जा रही थी जैसे ही महिला कोखराज थाना क्षेत्र के इक्का अड्डा सर्विस रोड पर पहुंची अचानक तेज रफ्तार बाइक नंबर up73 r 3980 ने महिला को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे महिला सड़क पर गिर पड़ी और गम्भीर घायल हो गयी दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुचे मामले की सूचना थाना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई सूचना पर कोखराज पुलिस ने मौके पर पहुँच कर एम्बुलेंस की मदद से घायल महिला को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टर ने हालत गम्भीर देखते हुए प्रयागराज रेफर कर दिया रात्रि में ही इलाज के दौरान महिला की मौत हो गयी मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया महिला के दो छोटे छोटे बच्चों का रो रो कर हालत खराब है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया शव को पोस्टमार्टम करा कर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## न्यूज झरोखा

### विद्यार्थी परिषद ने चलाया प्लास्टिक मुक्त अभियान



**कौशांबी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की गतिविधि एसएफडी विकासार्थ विद्यार्थी के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रत्येक रविवार को होने वाले संडे फॉर मंझनपुर के अंतर्गत रविवार को मंझनपुर नगर के कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय छात्रों ने प्लास्टिक मुक्त के अंतर्गत स्वच्छता अभियान के माध्यम से लोगों को जागरूक किया और नगर में व्याप्त कूड़ा करकट को एकत्रित कर नगर के बाहर पहुंचाया इस दौरान जिला संगठन मंत्री अश्वनी कुमाय सिंह, तहसील सह संयोजक दिव्यांश द्विवेदी ,नगर सह मंत्री कृष्णा श्रीवास्तव, शुभम पाल ,अनन्त सिंह ,देवांश अग्रहरि ,रितिक मौर्या ,प्रिंस सिंह, नैतिक यादव ,वीर अग्रहरी ,मयंक राजपूत ,अभिनव चौधरी ,कार्तिकेय मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

### ग्राम पंचायत कसिया कंपोजिट विद्यालय में एसआई आर का कार्य करते स्कूल के समस्त स्टाफ



**कोखराज कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय कशिया पश्चिम में रविवार की शाम को प्रधानाचार्य वा समस्त बीएलओ के साथ एसआई आर फार्म को भरवाया जा रहा हैं एसआईआर का फार्म भरवाने में शिक्षकों द्वारा बेहद दिलचस्पी दिखाई जा रही है कोई भी ग्रामीण फॉर्म भरने से वंचित न रह जाए एक-एक घर पर सूचना भेजकर मतदाताओं को बुलाया जा रहा है जिससे कोई भी ग्राम वासी इस एसआई आर फार्म भरने से वंचित न रह जाये इस मौके पर प्रधानाचार्य सचिन ओझा,व प्रेम प्रकाश ,विकास केशरवानी आदि स्टाप की मौजूदगी में मतदाता एसआई आर फॉर्म का कार्य तेजी से हो रहा है।

### पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चला स्वच्छता अभियान




**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जनपद के समस्त थानों, पुलिस चौकियों एवं कार्यालयों में दिनांक 07.12.2025 को साफ-सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत सभी पुलिसकर्मियों द्वारा थाना परिसर, कार्यालय भवन, अभिलेख कक्ष, शस्त्रागार, मालखाना, हवालात, आवासीय परिसर, शौचालयों आदि की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। पुलिस कर्मियों ने श्रमदान कर परिसर को स्वच्छ बनाया तथा कूड़ा-करकट का निस्तारण किया इस अवसर पर स्वच्छता ही सेवा के भाव को आत्मसात करते हुए पुलिस कर्मियों ने यह संकल्प लिया कि प्रतिदिन साफ-सफाई बनाए रखेंगे और स्वच्छ वातावरण में कार्य करेंगे।साथ ही,आम जनमानस को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु प्रेरित किया।पुलिस अधीक्षक द्वारा कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि स्वच्छता एक निरंतर प्रक्रिया है, अतः थाना परिसर को सदैव स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखें।यह सफाई अभियान आगे भी प्रत्येक रविवार को निरंतर जारी रहेगा।

## 6 लाख नगद लाखों के जेवर के साथ गैर धर्म का अधेड़ दलित बालिका को लेकर हुआ फरार

**हर रायपुर कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के एक गांव की दलित बालिका की 2 महीने बाद शादी होनी थी उसके पिता ने अपना खेत बेचकर 10 लाख रुपए एकत्रित किया था बालिका की शादी के लिए उसके पिता ने जेवर भी बनवाया था इस बात की भनक दूसरे धर्म के एक अधेड़ व्यक्ति को लग गई कि दलित बालिका के पिता ने 10 लाख रुपए का खेत बेचा है उसने बालिका पर डोले डालना शुरू कर दिया और दलित बालिका को समझा बुझाकर बहला फुसलाकर घर से 6 लाख रुपए नगद और लाखों का जेवर लेकर उसे मिलने के लिए घर से बाहर बुलाया बालिका घर से 6 लाख रुपए नगद और लाखों का जेवर लेकर 5 दिसंबर की शाम को शौच क्रिया के बहाने घर से निकल गई है और उसके बाद दूसरे धर्म समुदाय के अधेड़ उम्र लगभग 40 वर्ष के व्यक्ति के साथ बालिका चली गई है बालिका के वापस न लौटने पर परिजन परेशान हो गए हैं मामले की सूचना बालिका के परिजनों ने पुलिस चौकी मूरतगंज में दी है उन्होंने आशंका जताई है कि बालिका को ले जाने वाला दूसरे धर्म समुदाय का अधेड़ व्यक्ति बालिका को बेच लेगा और उसका रुपया जेवर भी छीन लेगा पुलिस आरोपी अधेड़ और गायब बालिका की तलाश कर रही है।

### जंगली नील गाय को भी बचाने में आगे आई योगी की पुलिस

**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 2 आंबेडकर नगर में एक से अधिक गहरे तालाब है इन तालाबों में पानी सोखवा घास सहित तमाम प्रकार की घास फूस उगी रहती है दूर से देखने में गहरा तालाब भी उथला नजर आता है ।आज रविवार शाम को नहर तरफ एक जंगली गाय( नील गाय) घास खा रहा था जिसे कुत्तों के झुंड ने खदेड़ लिया ,जंगली गाय अपनी जान बचाते हुए नगर पंचायत अझुवा की बस्ती तरफ भाग आया और तालाब में चला गया कुत्तों की आवाज से नागरिकों ने देखा एक गाय तालाब में डूब रहा है किसी ने 112 नंबर पर फोन लगाकर पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर पहुंचे डायल 112 के सिपाही दीपक यादव,नागेंद्र वर्मा ने नगरवासियों के सहयोग से तालाब में डूब रही गाय को सकुशल बाहर निकाल लिया है नगर वासियों ने डायल 112 पुलिस कर्मियों का आभार व्यक्त करते हुए सराहना की है।

### विवाहिता की हत्या करने वाले पति और ससुर गिरफ्तार

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र में 06 दिसम्बर को विवाहिता की ससुरालजनों द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जाता था, दहेज न मिलने पर विवाहिता की हत्या कर दी गयी है । विवाहिता के भाई शक्तिवीर पुत्र रामहर्ष निवासी मारुफपुर अमहा थाना कोखराज द्वारा थाना पुलिस को सूचना दी गयी कि मेरी बहन की हत्या कर दी गई तहरीर के आधार पर थाना सराय अकिल पर मु0अ0सं0 333/25 धारा 80(2)/85 बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम में दिनांक 07.12.2025 थाना सराय अकिल पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मुखबिर खास की सूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 02 वांछित अभियुक्तों सोनू सिंह पुत्र जायकरन सिंह वा जयकरन सिंह पुत्र रामलखन निवासीगण ग्राम तरनी तरनी गड़ेरियन का पुरवा थाना सराय अकिल को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया हैं।

### प्राण घातक हमले के आरोपी को सराय अकिल पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र में 04 दिसम्बर को राम बहोरे का लड़का घर के बार आग जलाकर ताप रहा था तभी गांव के शुभम ने पारिवारिक बातों को लेकर लोहे की राड व सीमेन्ट की ईट से मार-पीट कर उसे गम्भीर रुप से घायल कर दिया तहरीर के आधार पर थाना सराय अकिल पर मु0अ0सं0 329/25 धारा 109(1) बीएनएस पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम में दिनांक 07.12.2025 थाना सराय अकिल पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त शुभम पुत्र तेरसू निवासी ग्राम तिल्हापुर थाना सराय अकिल को हाजीपुर मोड़ पुलिया से गिरफ्तार किया अभियुक्त की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त सीमेन्ट की ईट व कैंटी बरामद किया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया हैं।

## इनोवा कार पलटी, ड्राइवर सहित सवारी जख्मी



अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा हाइवे में बीती रात इनोवा कार डिवाइडर से टकरा कर पलट गई।इस हादसे में ड्राइवर सहित 7 लोग जख्मी हो गए। इनोवा सवार अंकित पुत्र लाल जी,महताब पुत्र सफीक, संजीव, शिव कुमार, रामकुमार, विजय करन, रवि ,चुन्नू निवासी गण पुरामुक्ति प्रयागराज बीती शाम खागा कोतवाली के अमांव गांव से दावत कर इनोवा कार से घर वापस जा रहे थे। इनोवा चालक गलत दिशा से प्रयागराज की तरफ जा रहे थे ज्योंहि अझुवा कस्बे के पास पहुंचे डिवाइडर से टकरा कर कार पलट गई कार के चीथड़े उड़ गए,सभी सवार कार में फंस गए ,चीख पुकार पर मौके पर पहुंचे राहगीरों ने घायलों को कार से बाहर निकाला और एंबुलेंस से सिराथू सीएचसी भेज दिया।

### वशिष्ठ इम्पीरियल के पास सडक हादसे में अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकराई, चालक घायल अस्पताल में भर्ती

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के समदा वशिष्ठ इम्पीरियल के नजदीक एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां सिंगमा स्कैनिंग सेंटर में कार्यरत एक कार चालक की अनियंत्रित कार डिवाइडर से जा टकराई, जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक की पहचान राम बाबू पुत्र तीरथ लाल निवासी गांव मूरतगंज, थाना संदीपन घाट के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, राम बाबू स्कैनिंग सेंटर से छुट्टी होने के बाद अपनी कार से घर जा रहे थे। इसी दौरान, समदा वशिष्ठ इम्पीरियल के पास उनकी कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क के बीच बने डिवाइडर से बुरी तरह से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ?हादसे में घायल राम बाबू को तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दो बाइक की आमने-सामने टक्कर चार घायल

**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के सिराथू रोड में शनिवार की रात में दो बाइक सवार आमने-सामने टकरा गए हैं जिससे दोनों बाइक में सवार चार लोग सड़क पर गिर पड़े हैं और गंभीर रूप से घायल हो गए हैं घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों का इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है जिसमें एक युवक की हालत गंभीर बताई जाती है। जानकारी के मुताबिक आकाश कुमार अपने साथी गगन कुमार के साथ एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद बाइक से वापस मंझनपुर लौट रहे थे जैसे ही बाइक सवार मंझनपुर कोतवाली के सिराथू रोड पर पहुंचे सामने से दूसरी बाइक में अनिरुद्ध अपने साथी परमेंद्र मौर्य के साथ आ रहे थे अचानक दोनों बाइक सवार आमने-सामने टकरा गए हैं जिससे चारों लोग सड़क पर गिर पड़े और गंभीर घायल हो गए हैं घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है परमेंद्र मौर्य की हालत गंभीर बताई जाती है जिन्हें इलाज के लिए प्रयागराज रेफर कर दिया गया है।

### पाली हाऊस में सब्जियों एवं फूलों की हो रही है खेती

**कौशांबी।** वर्तमान में बेमौसम सब्जियों की उपलब्धता बाजारों में हो रही है। इसका कारण है कि सब्जियों को वाछित तापमान व आवश्यक मौसम देते हुए पॉली हाउस में सब्जियों की फसल बोकर उत्पादन किया जा रहा है। पॉली हाउस एक विशिष्ट आकार की संरचना होती है, जिसको 200-400 माइक्रॉन मोटाई वाली पराबैगनी किरणों से अवरोधी, सफेद रंग की पारदर्शी प्लास्टिक चादर से ढका जाता है। पॉलीहाउस का आकार इतना बड़ा बनाया जाता है कि इसमें आसानी से अंदर जाकर परिकर्षण क्रियायें की जा सकें।उक्त जानकारी जिला सूचना अधिकारी कार्यालय कौशांबी द्वारा भेजी गई है हालांकि किस विभाग के अधिकारी ने पाली हाउस के निर्माण की किसानों को सलाह दी है उस विभाग का नाम पता जिला सूचना अधिकारी कार्यालय नहीं बता सका है पॉलीहाउस का निर्माण जी.आई.पाइप, बांस एवं लकडी की सहायता से किया जाता है। जीआई पाइप द्वारा बनाया गया पॉलीहाउस 20-25 वर्ष तक टिकाऊ होता है, जबकि बांस व लकड़ी से बना पॉलीहाउस 3-4 वर्ष तक ही टिकाऊ रह सकता है। पॉलीथीन 2-3 वर्ष तक काम में लाई जा सकती है। इस प्रकार के पॉलीथीन में पारदर्शिता इतनी होती है कि लगभग 70-80 प्रतिशत सूर्य का प्रकाश मौसम के हिसाब से छनकर फसलों को मिलता है। प्रदेश में उन्नतशील कृषकों द्वारा पॉलीहाउस बनाकर खेती की जा रही है पॉलीहाउस का उपयोग व्यावसायिक उद्देश्य से किया जाता है क्योंकि यह तकनीकी सामान्य खेती की अपेक्षा थोड़ी महंगी है। सब्जियों व फूलों की खेती में पॉलीहाउस की बड़ी महत्वपूर्ण उपयोगिता है। विपरीत दशाओं (बेमौसम) में सब्जियों व फूलों की खेती करना, फसलों को आवश्यक एवं संरक्षित वातावरण प्रदान करना, फसलों में लगने वाले कीड़े-मकोड़ों व रोगों से सुरक्षा, नर्सरी उगाने के लिये सर्वोत्तम, प्रति इकाई क्षेत्र में उपज वृद्धि व जातियों का विकास एवं शुद्ध संकर बीज उत्पादन, फसल समय में परिवर्तन करना, अच्छे गुणवत्तायुक्त उत्पाद, कृषि फसल परीक्षण महत्वपूर्ण वरदान, शहरी एवं सीमांत किसानों के लिए यह विधि लाभकारी होती है पॉलीहाउस की कुछ सीमायें भी हैं जैसे-पॉलीहाउस बनवाने में किसानों को पहले पूंजी ज्यादा लगानी पड़ती है, यह केवल व्यावसायिक एवं बागवानी फसलों की दृष्टि से ही उपयोगी है अन्य फसलों को उगाने के लिए पॉलीहाउस विधि का उपयोग नहीं किया जा सकता। पॉलीहाउस में फूलों की व्यावसायिक खेती कर-के किसान अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## 04 वारण्टी अभियुक्तों को सराय अकिल पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस टीम द्वारा परिवाद संख्या 79/16 धारा 323,504,506 भादवि थाना सराय अकिल से सम्बन्धित 04 वारण्टी अभियुक्तों छोटेलाल पुत्र देवप्रयाग वा रवि सिंह पुत्र शिवबरन वा सोनू पुत्र अर्जुन सिंह वा सग्गू पुत्र शिवबरन निवासीगढ़ कनैली थाना सराय अकिल को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया।

### वारण्टी अभियुक्त को पश्चिम शरीरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस टीम द्वारा एनसीआर नं0 34/15 धारा 323/504/506 भादवि थाना पश्चिम शरीरा से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त गोली पुत्र दुःखी निवासी डेढ़ावल थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार किया गया । विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

## पत्नी ने भाइयों के सहयोग से बेचा धान,पति ने पुलिस को दी तहरीर

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के काने मई के युवक ने पत्नी और साले पर धान बेचने का आरोप लगाया है ।जीतलाल पुत्र इंदल निवासी काने मई ने आरोप लगाते हुए कहा उसकी पत्नी 2 बच्चे के साथ गांव में ही रहती है वह कमाने के सिलसिले में दिल्ली में रहता है ,धान कटने पर उसकी पत्नी मंजू अपने भाइयों वीरेंद्र कुमार ,संजय कुमार ,सर्वेश कुमार पुत्रगण रामगोपाल निवासी सेमरा थाना खागा के सहयोग से धान बेंच कर जेवर भी लेकर मायके चली गई ,मंजू देवी अपने भाइयों के सहयोग से आधा हिस्से की खेती अपने नाम करवाना चाहती है अन्यथा फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देती है , वहीं पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## एसपी ने थाना करारी में चौकीदारों को कम्बल देकर किया सम्मानित




**कौशाम्बी।** थाना करारी में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने शनिवार देर शाम को ग्राम सेवकों (चौकीदारों) को कम्बल प्रदान कर सम्मानित किया। ग्राम सुरक्षा व्यवस्था में निरंतर सक्रिय रहने वाले सभी चौकीदारों को थाने पर एकत्र कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।एसपी ने चौकीदारों को अपने दायित्वों के प्रति सतर्क रहते हुए जनसहयोग आधारित पुलिसिंग को और मजबूत बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली संदिग्ध गतिविधियों पर चौकीदारों की पैनी नजर पुलिस-जन सहयोग का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने कहा कि अपराध की रोकथाम में उनकी सक्रिय भूमिका सराहनीय है।कम्बल वितरण के दौरान एसपी ने सभी ग्राम सेवकों के कार्य की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इसी निष्ठा और सतर्कता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक करारी सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

# सम्पादकीय

## संघ का सनातन एवं प्रकृति-दर्शन: वैश्विक चेतना का आह्वान

**भारत** की सांस्कृतिक चेतना की जड़ में पंचमहाभूतों की जीवन-व्यवस्था है-भूमि, जल, अग्नि, वायु और आकाश का संतुलन ही भारतीय ज्ञान-तंत्र की आत्मा है। ह्यह्यभगवानह्लह्ल शब्द के अक्षरों में निहित पंचतत्त्वों का सार यही दशार्ता है कि भारतीय जीवन-दर्शन में भगवान कोई बाहरी सत्ता नहीं, बल्कि प्रकृति और संस्कृति का सुसंगठित योग है। यही दृष्टि सनातन कहलाती है, नित्य प्रवाहमान, पुनर्जननशील, अविनाशी। जब भारत का जीवन इसी तत्त्वदृष्टि से संचालित था, तब वह न केवल आर्थिक रूप से बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी विश्व-गुरु था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में यह विचार और भी प्रासंगिक हो उठता है कि संघ का अस्तित्व ही सनातन जीवन-शैली की पुनर्स्मृति, पुनर्रचना और पुनर्स्थापना का प्रयत्न है। संघ नेतृत्व विशेषकर सरसंघचालक श्री मोहन भागवत की दृष्टि इस मूल दर्शन की आधुनिक व्याख्या है- ह्लभारत की पहचान धर्म से है और धर्म केवल पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि वह जीवन-शैली है, जिसमें प्रकृति, समाज, संस्कृति और आत्मा का संतुलन होह्लह्ल उनकी यह बात भारत की वैदिक चेतना को वर्तमान विश्व-यथार्थ में स्थापित करती है। संघ के शताब्दी वर्ष का समय केवल एक संगठनात्मक उत्सव नहीं बल्कि भारत की सनातन जीवन पद्धति के पुनरुत्थान का क्षण है। संघ सरचालक श्री मोहन भागवत बार-बार यह कहते रहे हैं कि भारत का अस्तित्व किसी राजनीतिक ढांचे से नहीं बल्कि उसकी प्रकृति और संस्कृति के अखंड योग से बना है। भारतीय जीवन का यह सत्य पंचमहाभूतों के योग में निहित है, जिनसे सृष्टि बनी और जिनकी गति को भगवान कहा गया। मोहन भागवत का दृष्टिकोण इस सत्य को आधुनिक भाषा में समझाता है कि सनातन केवल कोई धर्म नहीं बल्कि वह जीवन-तंत्र है जो मानव और प्रकृति के संतुलन से चलता है। भारतीयता प्रकृति-पूजक है और संस्कृति को उसी प्रकृति की लय पर निर्मित करती है। आज की दुनिया युद्ध, आतंक, प्रतिस्पर्धा और पकर्यावरणीय संकट से त्रस्त है। मानव की भूख केवल संसाधन और उपभोग तक सीमित होने से जीवन तनाव, प्रदूषण और अव्यवस्था का पर्याय बनता जा रहा है। यही पश्चिमी दुनिया की शोषणकारी दृष्टि रही जिसने प्रकृति पर नियंत्रण को प्रगति माना, जबकि भारत की दृष्टि पोषण और सहअस्तित्व की थी। मोहन भागवत कहते हैं कि भारत का मार्ग ह्लसबका हित और सबके साथह्व पर आधारित है, क्योंकि भारतीय समाज ने प्रकृति को माता माना और संस्कृति को उसका स्वरूप। यह वही दृष्टि है जिसमें धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष जीवन के चार आयाम हैं; जहां मोक्ष की चाह लालच रहित आनंद में है और जीवन को आरोग्य बनाना ही संस्कृति का प्रमुख लक्ष्य है। संघ का जीवन यही संदेश देता है कि व्यक्ति, समाज, राष्ट्र और विश्व तभी स्वस्थ होंगे जब मानव प्रकृति के साथ समरस जीवन जिएगा। आज जब राष्ट्रवाद को भौतिक शक्ति से मापा जा रहा है, तब मोहन भागवत इसके आध्यात्मिक स्वरूप को स्पष्ट करते हैं। राष्ट्र उनके लिए भू-भाग ही नहीं, बल्कि स्मृति, संस्कृति, प्रण और परंपरा का जीवंत व्यक्तित्व है।

# कैंपस प्लेसमेंट में धांधली: नैतिकता और छात्र हितों का हनन



**- ललित गर्ग -**

**देश के** प्रमुख प्रौद्योगिकी संस्थानों-विशेषतः आइआइटीज द्वारा 20 से अधिक कंपनियों को कैंपस प्लेसमेंट प्रक्रिया से बाहर करना केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था में नैतिकता, पारदर्शिता और छात्र-हित संरक्षण को मजबूती प्रदान करने वाला साहसिक कदम है। इन कंपनियों ने छात्रों को ऑफर लेटर दिए, उनके परिवारों के भीतर आशा की किरण जगाई और अंतिम समय में बिना स्पष्ट कारण उन्हें रद्द कर दिया। यह केवल एक अनुबंध उल्लंघन नहीं, बल्कि छात्र के भविष्य, उसके मानसिक संसार और उसके सामाजिक विश्वास पर सीधा प्रहार है। आइआइटी, एनआइटी और शीर्ष विश्वविद्यालयों में प्रवेश पाना किसी विद्यार्थी की दीर्घकालिक मेहनत और प्रतिभा की पहचान है। प्लेसमेंट और ऑफर लेटर केवल नौकरी नहीं, बल्कि परिवार के लिए भविष्य की सुरक्षा, सामाजिक प्रतिष्ठा और आत्मविश्वास का प्रतीक होते हैं। ऐसे में जब कंपनियां अचानक अपना वादा तोड़ देती हैं, तो विद्यार्थी केवल पेशेवर नुकसान नहीं झेलते, बल्कि मानसिक तनाव, अविश्वास और सामाजिक दबाव से भी गुजरते हैं। यह उनके मनोबल को कमजोर करता है और उनकी योग्यता के सम्मान को ठेस पहुंचाता है। इस तरह की स्थितियां बनना न केवल भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था पर एक चिन्ताजनक दाग है, बल्कि सरकार एवं कम्पनियों पर छात्रों के जीवन से खिलवाड़ करने का शर्मनाक द्योतक है।

निस्संदेह वैश्विक अर्थव्यवस्था अनिश्चितता, मंदी, छंटनी और बाजार उतार-चढ़ाव से जूझ रही है। लेकिन इन चुनौतियों का भार छात्रों के कंधों पर डालना किसी मानवीय, पेशेवर या नैतिक दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता। विश्वविद्यालय किसी प्रयोगशाला की तरह नहीं हैं जहां विद्यार्थियों को जोखिमपूर्ण स्थिति में डालकर कंपनियां प्रयोग चलाती रहें। आइआइटीज का यह निर्णय स्पष्ट संदेश देता है कि छात्रों के भविष्य और सम्मान से खिलवाड़ सहन नहीं किया जाएगा तथा संस्थान उनके साथ खड़ा रहेगा। यह कदम उच्च शिक्षा की गरिमा और राष्ट्रीय प्रतिभा के सम्मान की पुनर्स्थापना है। यह अन्य विश्वविद्यालयों के लिए भी मार्गदर्शक हो सकता है, क्योंकि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री देना नहीं बल्कि सुरक्षित और विश्वसनीय भविष्य प्रदान करना है। देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश लेना ही छात्रों के लिये एक बड़ी चुनौती होती है, छात्र इन संस्थानों के भारीभरकम आर्थिक बजट को किसी तरह पूरा करते हैं, इसके बाद भी उनको नौकरी नहीं मिलती है तो यह उनके जीवन को अंधकारमय बना देने जैसा है।

देश के अधिकांश शिक्षण संस्थानों में प्लेसमेंट व्यवस्था उतनी सुदृढ़ और पारदर्शी नहीं है, जितनी आइआइटीज में। हजारों छात्र नौकरी व अवसर की आशा में बैठते हैं और कुछ कंपनियां इस स्थिति का दुरुपयोग कर ह्लऑफर रद्द करनेह्व की प्रवृत्ति अपनाती हैं। अब आवश्यक है कि अन्य विश्वविद्यालय भी कड़ी और अनुशासित प्लेसमेंट नीति अपनाएं, कंपनियों के व्यवहार का रिकॉर्ड रखें और बार-बार गलती करने वालों को ब्लैकलिस्ट करें। यदि शीर्ष विश्वविद्यालय सामूहिक रूप से यह कदम उठाएं, तो कॉर्पोरेट जगत पर नैतिक अनुशासन का दबाव स्वतः निर्मित होगा। यह विषय अब केवल विश्वविद्यालय का मसला नहीं बल्कि राष्ट्रीय चिंता बन चुका है। छात्रों की बेरोजगारी, अवसरों की अनिश्चितता और कंपनियों की बेहिसाब मनमानी देश की प्रतिभा को क्षति पहुंचा रही है। इसलिए सरकार और नियामक संस्थाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। सरकार को चाहिए कि प्लेसमेंट अनुबंध और कंपनियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने वाले स्पष्ट दिशानिर्देश बनाए, कंपनियों के व्यवहार का राष्ट्रीय डाटा रिकॉर्ड विकसित करे, गलती करने वाली कंपनियों को सरकारी परियोजनाओं और प्रोत्साहनों से वंचित करे तथा आवश्यकता पड़ने पर कानूनी कार्रवाई भी सुनिश्चित करे। छात्रों के संरक्षण हेतु बैकअप प्लेसमेंट समर्थन, आर्थिक सहायता और अनुबंधिक सुरक्षा उपाय जैसी व्यवस्थाएं भी विकसित की जानी चाहिए, ताकि किसी छात्र का भविष्य कंपनी की मनमानी से प्रभावित न हो।

आइआइटी जैसे संस्थानों में प्रवेश पाना ही किसी भी छात्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि होती है। आइआइटी की प्लेसमेंट व्यवस्था पहले से ही काफी अनुशासित और नियमबद्ध है। कंपनियों को भाग लेने से पहले कई शर्तों का पालन करना होता है। इसके बावजूद यदि कोई कंपनी अपने वादे से मुकरती है, तो उसे जवाबदेह ठहराया जाना आवश्यक है। क्योंकि छात्रों को जब ऐसे किसी प्रतिष्ठित कंपनी से ऑफर लेटर मिलता है, तो वह न केवल उनके कॅरियर, बल्कि पूरे परिवार के भविष्य की उम्मीद बन जाता है। यदि वही कंपनी अंतिम समय में बिना ठोस वजह के ऑफर रद्द कर दे, तो यह केवल पेशेवर अनुशासन की कमी नहीं, बल्कि छात्रों के साथ किया गया खुला विश्वासघात है। आज का कॉर्पोरेट जगत तेजी से बदल रहा है, उसके मूल्य और मानक बिखर रहे हैं, भारत जब दुनिया की तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, तब ऐसी त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियों का बनना चिन्ताजनक है। इससे भारत के उच्च शैक्षणिक संस्थानों की साख एवं प्रतिष्ठा भी दांव पर लगती है, इन्हीं स्थितियों के कारण छात्र विदेशों में उच्च शिक्षा के लिये अग्रसर होते हैं।

भारत ज्ञान और युवा शक्ति का देश है। उसके शीर्ष संस्थानों की वैश्विक प्रतिष्ठा तभी कायम रह सकती है जब प्लेसमेंट प्रक्रिया भरोसेमंद, सम्मानजनक और नैतिक होगी। कंपनियों को भी समझना होगा कि युवाओं के साथ अनुचित व्यवहार उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाता है और समाज के साथ उनके संबंध कमजोर करता है। आइआइटी का यह निर्णय उन कंपनियों के लिए चेतावनी तो है ही, लेकिन शिक्षा जगत और नीति निमार्ताओं के लिए अवसर भी है-एक ऐसी प्रणाली विकसित करने का अवसर जहां छात्र का सम्मान एवं जीवन-सुरक्षा सर्वोपरि हो। यदि संस्थान, सरकार और समाज मिलकर स्पष्ट, कठोर और नैतिक ढांचा बनाएं तो निश्चित ही युवा प्रतिभा सुरक्षित होगी और भारत की विश्वसनीयता भी सुदृढ़ होगी। छात्र केवल डिग्री प्राप्त करने वाले नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नींव हैं। उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं होना चाहिए। इसलिए आइआइटी का यह निर्णय स्वागतयोग्य है, बल्कि इसे बदलाव की दिशा में एक निर्णायक पहल के रूप में देखा जाना चाहिए। यदि अन्य विश्वविद्यालय, सरकार और समाज भी इसी दिशा में आगे बढ़ें, तो निश्चित ही देश की प्रतिभा को वह सम्मान, सुरक्षा और अवसर मिलेगा जिसकी वह अधिकारी है।

उच्च शिक्षा संस्थानों में प्लेसमेंट के नाम पर कंपनियों द्वारा छात्रों के साथ की जाने वाली धांधली, छल-प्रपंच और वायदाखिलाफी आज एक गम्भीर चिंता का विषय है। अनेक बार छात्रों को आकर्षक वेतन, उज्ज्वल भविष्य और स्थायी नौकरी के सपने दिखाए जाते हैं, किंतु चयन प्रक्रिया के बाद उन्हें कम वेतन, अस्थायी अनुबंध, असंगत कार्यक्षेत्र या नियुक्ति टालने जैसी स्थितियों का सामना करना पड़ता है। यह विश्वासघात केवल छात्र का नहीं, बल्कि संस्थान और शिक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता का नुकसान है। अतः भारत सरकार को एक स्पष्ट, कठोर और पारदर्शी नीति बनानी चाहिए, जिसमें प्लेसमेंट देने वाली कंपनियों की जवाबदेही सुनिश्चित हो, अनुबंधित शर्तों का पालन अनिवार्य हो तथा उल्लंघन पर दंडात्मक प्रावधान हों। इससे छात्रों का भविष्य सुरक्षित होगा, शिक्षा-प्रणाली की गरिमा बचेगी और उद्योग जगत में विश्वसनीयता एवं नैतिकता की संस्कृति विकसित होगी। इस दृष्टि से आइआइटी प्रशासन का ताजा निर्णय कि ऐसी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया जाए, एक सख्त संदेश देता है कि छात्रों का सम्मान, कैरियर और भविष्य सर्वोपरि है। आज आवश्यकता इस बात की है कि दुनियाभर में अपनी पहचान रखने वाले आइआइटी और एनआइटी जैसे संस्थान इस तरह की नीति अपनाएं। इससे कंपनियों पर नैतिक और व्यावसायिक अनुशासन बनाए रखने का दबाव बनेगा। साथ ही छात्रों का आत्मविश्वास भी बढ़ेगा कि अन्याय होने पर संस्थान उनके साथ खड़ा होगा। इसके अलावा सरकार और उच्च शिक्षा नियामक संस्थाओं को भी इस दिशा में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने चाहिए। एक ऐसी केंद्रीय व्यवस्था विकसित की जा सकती है, जिसमें ऑफर लेटर रद्द करने जैसी घटनाओं का रिकॉर्ड रखा जाए।

# किन्नौरी फुलैच पर्व: प्रकृति और संस्कृति का संगम

**अखंड भारत संदेश**

**किन्नौर** की सांस्कृतिक स्मृति में अनेक ऐसे पर्व हैं, जिनमें आस्था धार्मिक अनुष्ठान के रूप में उभरती है और जीवन-व्यवस्था का मूलाधार बन जाती है। इन्हीं में से एक है फुलैच- यह ऐसी परंपरा है जो फूलों की खोज से परे, प्रकृति के सूक्ष्म संकेतों को समझने की गहरी पद्धति है। इस पर्व में किन्नौर का समाज प्रकृति को केवल दृश्य के रूप में नहीं मानता, वह उसकी लय को पढ़ता है, उसके परिवर्तनों को महसूस करता है और उनके आधार पर अपने सामूहिक भविष्य की दिशा निर्धारित करता है। फुलैच केवल फूलों का त्यौहार नहीं है, यह पहाड़ी समुदायों की जलवायु-संवेदनशीलता का अद्भुत उदाहरण है।इस परंपरा की जड़ें उस समय तक जाती हैं, जब किन्नौर में न मौसम-विज्ञान का औपचारिक ज्ञान था, न व्यवस्थित कृषि-व्यवस्था। ऊँचाइयों पर खिलने वाला पहला फूल ही ऋतु की गति का संकेत माना जाता था- देवत्व, प्रकृति और मनुष्य के बीच संवाद का प्रथम सूत्र। कालांतर में यह विश्वास सामाजिक संरचना में परिवर्तित हुआ और फूल खोजने का उत्तरदायित्व उन व्यक्तियों को सौंपा जाने लगा, जिनका मन निर्मल और प्रकृति से सहज तालमेल माना जाता था। यह धारणा किसी चमत्कारवादी कल्पना से अधिक उस संवेदना को व्यक्त करती है, जिसके आधार पर समुदाय प्रकृति को अपना प्रथम मार्गदर्शक मानता आया है।चयनित व्यक्ति जब सुबह की नीरवता में पहाड़ी ढलानों की ओर बढ़ते हैं, तो उनकी यात्रा धार्मिक विधि से अधिक, एक



आंतरिक साधना का रूप ले लेती है। पर्वतों की गहन चुप्पी, पेड़ों की मंद गति और पत्तों की सरसराहट इस अनुष्ठान को गंभीर मौन प्रदान करती हैं। और जब चट्टानों या झाड़ियों के बीच वह पहला फूल दिखाई देता है, तो वह केवल वनस्पति का नमूना नहीं रहता, वह वर्ष की संभावनाओं और आशंकाओं का प्रतीक बन जाता है।गाँव लौटने पर उस फूल का परीक्षण उसी सादगी और गंभीरता से किया जाता है, जिस प्रकार कोई समाज अपने भविष्य की दिशा को परखता है। पंखुड़ियों का रंग, उनकी नमी, फूलों की संख्या और दुर्लभता- ये सभी संकेत माने जाते हैं। किसी वर्ष गहरा रंग कठोर सर्दियों का संकेत समझा जाता है, किसी वर्ष कम फूल लोगों के मन में चिंता उत्पन्न करते हैं और अप्रत्याशित प्रजाति आशाजनक समय का द्योतक मानी जाती है। यह सब वैज्ञानिक गणनाओं पर आधारित होने के साथ-साथ पीढ़ियों से संचित अवलोकन पर टिका हुआ ज्ञान है।फूल के गाँव पहुँचने के बाद जो अनुष्ठान संपन्न होता है, वह सामूहिकता की गहन झलक प्रस्तुत करता है। देवता की पालकी के समक्ष फूल रखा जाता है और उस क्षण गाँव के चेहरों पर प्रकट होने वाली भाव-भंगिमाएँ- श्रद्धा, आशा, भय और विश्वास- एक साथ दिखाई देती हैं। इसके बाद निकलने वाली यात्रा किसी धार्मिक जुलूस जैसी प्रतीत होती है।

पर वास्तव में वह एक जीवित सांस्कृतिक दस्तावेज है। ढोल की ध्वनि, पारंपरिक परिधान और बच्चों का उत्साह इस पर्व को सामाजिक उत्सव से अधिक व्यापक अर्थ प्रदान करते हैं।

फुलैच का महत्व केवल सांस्कृतिक नहीं, बल्कि पर्यावरणीय भी है। यह पर्व सूक्ष्मता से बताता है कि स्थानीय समाज प्रकृति के परिवर्तनों को कितनी बारीकी से पढ़ता है। बर्फबारी के रूप में बदलाव, ऋतु-चक्र की अनियमितता और तापमान में उतार-चढ़ाव- इन सभी का प्रथम संकेत फूलों के आगमन में मिलता है।

# श्रमिक असंतोष बढ़ा सकते हैं नए लेबर कोड

**—जगदीश रत्तनानी**

**भारत** में उत्पादकता कम है, इसलिए नहीं कि भारतीय श्रमिक कम उत्पादक हैं बल्कि इसलिए कि उन्हें अधिक उत्पादक बनाने के लिए आवश्यक निवेश अक्सर कमजोर या न के बराबर होते हैं। इसके अलावा बिजनेस चेन एक ऐसे दृष्टिकोण के साथ काम करती है जो श्रम को खर्च करने के रूप में देखती है, जहां एक ढीली नियामक प्रणाली है और जहां श्रम कानून के उल्लंघन से बचना आसान है।



लंबे समय से यह तर्क दिया जाता रहा है कि भारत के श्रम कानून-व्यापार, विशेष रूप से विनिर्माण क्षेत्र को कार्यप्रवण होने और देश की विकास गाथा में शामिल होने से रोकते हैं। अब, भारत के 29 केंद्रीय श्रम कानूनों को चार श्रम संहिताओं (लेबर कोड) में समेकित कर 21 नवंबर को अधिसूचित किया गया है। इसे सरकार ने एक 'ऐतिहासिक कदम' कहा है जो 'परिवर्तनकारी बदलाव की शुरूआत करता है' और 'भविष्य के लिए तैयार कार्यबल की नींव रखता है'। कई पर्यवेक्षकों ने इसे भारत में सुधारों की यात्रा में सबसे बड़े कदमों में से एक बताते हुए इसका स्वागत किया है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि देश में श्रम कानून और वास्तव में कई अन्य कानून, प्रथाएं और परंपराएं पुरानी हो चुकी हैं जिनमें से कई ब्रिटिश राज के जमाने से हैं और पुनरावलोकन के योग्य हैं। सामान्य तौर पर 29 कानूनों की आलोचना की जा रही है। इन कानूनों की समीक्षा एक स्वागतयोग्य कदम होना चाहिए लेकिन इस तरह के विशाल परिवर्तन को कम से कम कुछ आम सहमति के साथ तैयार किया जाए ताकि यह सभी को साथ ले जा सके, विशेष रूप से ट्रेड यूनियंस को।

नई श्रम संहिताओं के सामने पहली बाधा यह है कि यह वास्तविक हितधारक ट्रेड यूनियन्स को सबसे अधिक प्रभावित करेगा और उन्हें इस प्रक्रिया में शामिल नहीं किया गया है। इससे ये बहु-प्रशंसित सुधार उन बदनाम कृषि कानूनों की श्रेणी में आ गए हैं जिन्हें इसी तरह पारित किया गया था और बाद में बड़े पैमाने पर अशांति के बाद वापस लिया गया था। वास्तव में कृषि कानूनों और अब अधिसूचित श्रम संहिताओं के बीच कुछ समानताएं हैं: दोनों को सितंबर, 2020 में संसद द्वारा पारित किया गया था, दोनों को जोरदार विरोध के बीच पारित किया गया था और दोनों को लाए जा रहे बदलाव के महत्व को न समझते हुए बिना किसी बहस के पारित कर दिया गया था। उन दिनों सरकार को विश्वास था कि वह कठोर कदम उठाएगी जिससे कृषि कानून पारित हो गए लेकिन बाद में किसानों के जोरदार विरोध से हैरान रह गई और कृषि कानूनों को वापस ले लिया गया। दूसरी ओर, श्रम संहिताओं को प्रभावी ढंग से ठंडे बस्ते में स्थानांतरित कर दिया गया जिसे अब पुनर्जीवित किया गया है। श्रमिक संघ कमजोर हैं इसलिए श्रमिक आंदोलन इतनी आसानी से शुरू नहीं हो सकते हैं; पर इसमें कोई संदेह नहीं है कि नया प्रयास नकारात्मक नोट पर खुलता है।

कोई भी यह तर्क नहीं दे रहा है कि श्रम कानूनों में महत्वपूर्ण बदलाव नहीं होने चाहिए जैसा कि कृषि कानूनों के मामले में तर्क दिया गया था। भारतीय संदर्भ में समस्या कानूनी संहिताओं के बारे में नहीं है बल्कि जमीनी स्तर पर काम करने की स्थिति के बारे में है और जो सत्ता के गलियारों, मालिकों और निदेशकों के बोर्ड रूम से स्पष्ट रूप से विपरीत हैं। बाजार की यह वास्तविकता जब एक ऐसी सरकार से मिलती है जिसने श्रमिकों के साथ पूंजी का निर्माण नहीं किया है और जिसे व्यापार लॉबी के पक्ष में काम करने के रूप में देखा जाता है, तो वास्तव में विश्वास गायब हो जाता है। सरकार ने खुद को और तथाकथित सुधारों को उन उपायों के माध्यम से आगे बढ़ाकर नुकसान पहुंचाया है जो भयंकर प्रतिरोध को ट्रिगर करेंगे। श्रम कानूनों की दिशा कार्यबल को औपचारिक बनाने की ओर है जबकि औपचारिक क्षेत्र में भी कई कमियां हैं। जिस बात का दावा किया जाता है और जिसका वास्तव में अनुभव किया जाता है, उसके बीच काफी अंतर रहता है। बेशक कई क्षेत्रों में मामले निराशाजनक हैं। एक हालिया उदाहरण है भारतीय ऑटोमेटिव मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का। 'सेफ इन इंडिया' नामक स्वतंत्र गैर-लाभकारी संस्था की श्रमिकों की सुरक्षा पर सातवीं रिपोर्ट 'क्रश्ड 2025' में उल्लेख किया गया है कि ऑटोमोटिव सेक्टर सप्लाई चेन में हजारों श्रमिक अपनी उंगलियां (क्रश इंज) खो रहे हैं। 76 प्रतिशत श्रमिकों ने कहा है कि उन्हें सप्ताह में 60 घंटे से अधिक काम करने की सूचना दी गई है। यह ऐप्पल की फॉक्सकॉन समस्या की तरह है - क्या बड़े ब्रांड और सुरक्षा व स्थिरता का दावा करने वाले नेता जब उनके आपूर्तिकर्ता कानूनों का उल्लंघन करते हैं तो आंखें मूंद लेते हैं।

इनमें कई कार निमार्ता नेता हैं। इसे रोकने के लिए कानून में पर्याप्त व्यवस्थाएं हैं लेकिन उन्होंने इस पर अमल क्यों नहीं किया? यदि उन्होंने ऐसा नहीं किया तो नए कानून कैसे और क्यों काम करेंगे? खासकर उन परिस्थितियों में जब कानूनों को उद्योग के अधिक अनुकूल बनाने और जुमार्ने के लिए जगह बनाने तथा अपराधों के गैरअपराधीकरण करने की दिशा में है?

ध्यान दें कि 22 सितंबर, 2020 को लोकसभा ने चार श्रम संहिताओं में से तीन को पहली बार पारित किया था, उसी दिन सरकार ने सदन में बताया था कि लॉकडाउन के दौरान अप्रैल और मार्च, 2020 में पैदल यात्रा करने वाले लोगों सहित 1.06 करोड़ से अधिक प्रवासी श्रमिक अपने गृह-राज्य लौट आए। कोविड-19 लॉकडाउन के प्रभावी होने के बाद ठेकेदारों और प्रतिष्ठानों ने अपने यहां काम करने वाले श्रमिकों को उनके हाल पर छोड़ दिया था और वे अपनी सुरक्षा के लिए मीलों पैदल चल कर कंगाल, बदहाल, भूखे-प्यासे अपने गांव पहुंचे थे। बहरहाल, जैसे ही लॉकडाउन हटाया गया तो जो दूसरा सबसे शर्मनाक कृ त्य था कि उद्योग संघों ने श्रम मंत्री से मुलाकात की और श्रम कानूनों की सुरक्षा को हटाने के लिए कहा ताकि व्यवसाय फिर से शुरू हो सके! यह सब हाल ही का इतिहास है।

# खेत में पराली जलाने पर की गई विधिक कार्यवाही, लगा 5 हजार रुपए का अर्थदण्ड

**अखंड भारत संदेश भदोही ।**

**शासन** के निर्देश के क्रम में व जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देशन में जनपद में खेतों में पराली न जलाने हेतु जागरूकता प्रचार-प्रसार व अपील किया गया है। विनोद उपाध्याय पुत्र शारदा प्रसाद द्वारा निवासी ग्राम गिरियां तहसील औराई जनपद भदोही के अन्तर्गत मौजा गिरिया में पराली जलाये जाने की सूचना/वीडियो प्राप्त होने पर उच्चाधिकारीगण द्वारा स्थलीय जांचकर विधिसंगत कार्यवाही की गयी। धान की पराली जलाकर प्रदूषण उत्पन्न किया जाना



प्रतिबन्धित है। उपरोक्त तथ्यो से आम जनमानस भिज्ञ है, फिर भी उपर्युक्त द्वारा भिज्ञतापूर्वक अपनी भूमिधरी भूमि अंश रकबा पर पराली जलाकर उपरोक्त शासनादेशों एवं मा० राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण नई दिल्ली के आदेश का उल्लघन किया गया है, जो उपरोक्त आदेशो से आच्छादित विधिक कार्यवाही के अन्तर्गत आता है। इस सम्बन्धित विधि व्यवस्था के अन्तर्गत कार्यालय तहसीलदार औराई सुनील कुमार ने उपर्युक्त को रुपए 5000 (पाँच हजार रू० मात्र) पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति का अर्थदण्ड अरोपित किया जाता है, तथा निर्देशित किया जाता है कि नोटिस प्राप्ति के 7 दिवस के अन्दर अर्थदण्ड की धनराशि लेखा शीर्षक-0070-अन्य प्रशासनिक सेवाएं, 60-अन्य सेवाएं 800-अन्य प्राप्तियों के अन्तर्गत 19-पर्यावरणीय क्षति पूर्ति हेतु प्रतिकर वसूली में जमा कराना सुनिश्चित करे।

# मुकदमों में जब्त/बरामद कुल 1135 लीटर अवैध अंग्रेजी/देशी शराब का कराया गया विनष्टीकरण

**अखंड भारत संदेश गोपीगंज भदोही - पुलिस महानिदेशक**, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा चलाए जा रहे "ऑपरेशन क्लीन" विशेष अभियान के अनुपालन व अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के निदेशानुसार जनपद में माल निस्तारण का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के क्रम में थाना ज्ञानपुर पर पंजीकृत विभिन्न 76 मुकदमों (धारा 60 आबकारी अधि0) से सम्बंधित अवैध अंग्रेजी/देशी शराब कुल 1135 लीटर, को आज दिनांक 06/12/2025 को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भदोही ज्ञानपुर के आदेश के अनुपालन में जिला मजिस्ट्रेट जनपद भदोही द्वारा गठित टीम उपजिला मजिस्ट्रेट ज्ञानपुर, क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी भदोही व जिला आबकारी अधिकारी भदोही के समक्ष थाना ज्ञानपुर पुलिस द्वारा थाना ज्ञानपुर क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम सभा अजयपुर के खाली मैदान में नियमानुसार विनष्टीकरण कराया गया।

# बुलेट की मांग से प्रताड़ित विवाहिता ने फांसी लगाई, मायके वालों पर सुलह दबाव का आरोप

**अखंड भारत संदेश गोपीगंज भदोही**

**गोपीगंज। कोतवाली** क्षेत्र के औराई ब्लॉक के जहांगीराबाद गांव में शुक्रवार देर रात दहेज उत्पीड़न से परेशान विवाहिता पूजा निषाद (24) ने कमरे का दरवाजा बंद कर फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव कब्जे में लिया और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शनिवार सुबह मायके वालों ने ससुराल पहुंचकर पति दिलीप निषाद उर्फ भानु व उसके परिवार पर दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल की मांग,




मारपीट और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया। मृतका के पिता धर्मेंद्र निषाद, निवासी घोरहट (प्रयागराज), ने बताया कि शादी के बाद से ही पूजा को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। एक सप्ताह पहले ही वह मायके से ससुराल लौटी थी। पीछे एक वर्ष की बच्ची है। मायके पक्ष ने जबरन सुलह कराने और डेढ़ लाख रुपये मृतका की बेटी के नाम फिक्स करने का दबाव बनाने का भी आरोप लगाया है। पिता की तहरीर पर ससुर, सास, पति, ननद और देवर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है। कोतवाल शैलेश राय ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है, मुकदमा दर्ज कर जांच के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मऊ में सड़क चौड़ीकरण तेज, जेसीबी की गर्जना के साथ उड़े अवैध कब्जों के मलबे

**नगर पंचायत में अतिक्रमण ढहाए**

**मऊ सड़क को नेशनल हाईवे से जोड़ने की तैयारी**

**अखंड भारत संदेश**


जेसीबी से अवैध अतिक्रमण हटाता प्रशासन

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ नगर पंचायत क्षेत्र में शुक्रवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान अचानक तेज हो गया, जब बस स्टैंड से लेकर मिश्रा होटल, बाजार रोड, ब्लॉक मार्केट और जमुना रोड तक जेसीबी की लगातार गर्जना सुनाई दी। उप जिलाधिकारी की मौजूदगी में चले इस अभियान में वर्षों से सड़क के सीने पर बोझ बने अवैध कब्जों को हटाकर सड़क चौड़ीकरण का रास्ता साफ किया गया। प्रशासन के अनुसार जमुना रोड को नेशनल हाईवे से जोड़कर कौशांबी होते हुए महिला पुल के मार्ग से प्रयागराज तक सीधा संपर्क स्थापित करने की तैयारी है, और इसी कारण रास्ते में पड़ने वाले सभी अतिक्रमण हटाना अनिवार्य हो गया था। एक सप्ताह पूर्व प्रशासन ने व्यापारियों व स्थानीय लोगों को नोटिस देकर स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने का अवसर दिया था। कई लोगों ने खुद ही अपनी दुकानें, शेड और अतिक्रमित हिस्से हटा लिए थे, किंतु जिन स्थानों पर अब भी कब्जा कायम था, वहाँ जेसीबी चलाकर कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि दोबारा अतिक्रमण पाया गया तो भारी चालान व जुमार्ना दोनों भुगतना होगा। नगर पंचायत की टीम ने लाउडस्पीकरों से लगातार प्रचार कर लोगों को नियमों का पालन करने की अपील भी की। अभियान के दौरान मऊ थाना प्रभारी दुर्विजय सिंह, पीडब्ल्यूडी कर्मचारी, नगर पंचायत की टीम और लेखपाल संगम पाल मौके पर मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने प्रशासनिक कार्रवाई में सहयोग देकर सड़क चौड़ीकरण की जरूरत को सही ठहराया, जिससे भविष्य में बेहतर यातायात व्यवस्था की उम्मीद जताई जा रही है।

# ढाई लाख देकर खरीदे नकली बिस्कुट, लूट की गढ़ी स्क्रिप्ट पुलिस जांच में फेल

- खुदाई में मिले सोने का झांसा
- सोने का लालच बना जाल

**अखंड भारत संदेश**


नकली सोने के बिस्कुट

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर थाना क्षेत्र में भदोही के दो भाइयों के साथ ढाई लाख रुपए की सनसनीखेज ठगी का मामला सामने आया है। शुरूआती सूचना में इसे लूट बताया गया था, मगर पुलिस की बारीक जांच में पूरा खेल सस्ते सोने के लालच से जुड़ा निकला। दरअसल, कोहरना छेछुआ निवासी सत्यम सिंह का छह महीने पहले मानिकपुर के एक युवक से संपर्क हुआ था। युवक ने मजदूर बनकर दावा किया कि खुदाई के दौरान उसे सोने के छोटे-छोटे बिस्कुट मिले हैं। बस, इसी लालच में सत्यम अपने भाई विश्वजीत सिंह के साथ मानिकपुर आ पहुँचा। शनिवार को दोनों भाई झरी फाटक पहुंचे, जहां युवक व उसके साथी ने उन्हें ढाई लाख रुपए में कथित सोने के बिस्कुट थमा दिए।

इसी बीच दो अज्ञात युवक आए और भाइयों से 2.55 लाख रुपए छीनने की कहानी बताकर दोनों ने पुलिस को लूट की सूचना दे दी। मौके पर एसपी अरुण कुमार सिंह, थाना प्रभारी श्रीप्रकाश यादव समेत पुलिस टीम पहुंची और जांच शुरू की। सीसीटीवी खंगालने और बैग की तलाशी में पुलिस को वह पीली धातु के बिस्कुट, 20 हजार नकद और मोबाइल मिल गया, जिससे पूरा मामला संदिग्ध लगा। जांच में साफ हुआ कि कथित सोना दरअसल नकली था और दोनों भाई ठगी के शिकार हुए थे। एसपी ने स्पष्ट किया कि ठगी के बाद अपनी लाज बचाने के लिए भाइयों ने लूट की कहानी गढ़ी। पुलिस ने अब उनकी तहरीर पर ठगी का मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए सैकड़ों शिक्षकों का पैदल मार्च, सांसद को सौंपा ठोस ज्ञापन

- तीन सौ शिक्षक उतरे सड़क पर
- संवैधानिक रक्षा को उठी एकजुट आवाज

**अखंड भारत संदेश**



संवैधानिक रक्षा को एकजुट हुए सैकडों शिक्षक

**चित्रकूट।** लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की मांग को लेकर शनिवार को चित्रकूट में शिक्षकों की एकजुटता सड़क पर दिखाई दी। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष एवं टीएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिनेश चन्द्र शर्मा के निर्देश पर जनपद चित्रकूट के आवाह्न पर पचास से अधिक चारपहिया वाहनों में लगभग तीन सौ शिक्षक-शिक्षिकाएँ मुख्यालय से बांदा की ओर रवाना हुए। बबेरू पहुंचकर बांदा जिले के साथी शिक्षकों के साथ उनका काफिला एकजुट हुआ और फिर रोड पर पैदल मार्च करते हुए सांसद बांदा के आवास तक पहुँचा। शिक्षकों ने सांसद को ज्ञापन सौंपते हुए स्पष्ट मांग रखी कि वे आगामी संसद सत्र में इन मुद्दों को मजबूती से उठाएँ और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित कराएँ। सांसद ने चित्रकूट व बांदा के शिक्षकों को भरोसा दिलाया कि वह संसद में प्रश्न उठाएँगी तथा केन्द्रीय शिक्षामंत्री से मिलकर न्याय दिलाने का प्रयास करेंगी। इस दौरान यूपी प्राथमिक शिक्षक संघ बांदा के जिलाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी ने शिक्षकों का स्वागत करते हुए कहा कि लड़ाई बड़ी है और जीत तभी तय है जब सभी एकजुट रहें। वहीं चित्रकूट जिलाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय ने कहा कि संगठन की असली ताकत इसके सदस्य हैं, और आज की यह एकता ही आगे के संघर्षों को सफल बनाएगी। शिक्षकों के इस संयमित लेकिन दृढ़ प्रदर्शन ने अधिकारों की लड़ाई को नए तेवर के साथ आगे बढ़ा दिया है।

# सरधुवा पुलिस ने 13 पर एक साथ लगाया मिनी गुण्डा एक्ट

**चित्रकूट।** जिले में अपराधियों के हौसले तोड़ने के लिए सरधुवा पुलिस ने एक जोरदार कार्रवाई करते हुए 13 अभ्यस्त अपराधियों पर मिनी गुण्डा की कार्यवाही की है। जिले में चल रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत थानाध्यक्ष राम सिंह ने उन सभी दबंगों को निशाने पर लिया, जो लंबे समय से गुंडागर्दी, दहशत और मनबढ़ई के बल पर आम जनता में खौफ पैदा कर रहे थे। सूची में अनिल उर्फ टिड्डा, मनोज, छोटू उर्फ पंकज, राजेंद्र, मोनू उर्फ मुकेश, इंद्रजीत निषाद सहित चिल्लीमल और आसपास के 13 कुख्यात नाम शामिल हैं। सभी के विरुद्ध बीएनएसएस की धारा 129 के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस का दावा है कि ऐसे आरोपियों पर की गई कार्रवाई से क्षेत्र में अपराध की धराशायी होती कोशिशों को बड़ा बल मिलेगा।

# चित्रकूट होटलों पर प्रशासन की सख्ती, मिलेट्स से लेकर सफाई तक नई गाइडलाइन लागू

**होटलों में मानचित्र, मॉक ड्रिल व मिलेट मेनू, प्लास्टिक बंद, काँच अनिवार्य, पर्यटन सुधार पर बड़ा फोकस**



**चित्रकूट।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जनपद के होटलों के संचालन, स्वच्छता, मिलेट्स उत्पादों के प्रोत्साहन, अग्निशमन इंतजाम और मानचित्र अनुमोदन जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि चित्रकूट में पर्यटन की अपार संभावनाएँ हैं और प्रतिदिन बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं, इसलिए आवश्यक है कि होटल परिसर साफ-सुथरे, सुरक्षित और स्थानीय पहचान से जुड़े हों। उन्होंने होटल व्यवसायियों से कहा कि प्लास्टिक बोतलें हटाकर काँच की बोतलों का उपयोग करें, होटल परिसर में झूले या छोटे पार्क विकसित कर पर्यटकों को बेहतर अनुभव दें तथा साबुन-टूथपेस्ट जैसे उत्पादों की पैकिंग में प्लास्टिक के स्थान पर कागजी थैलियों का उपयोग करें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सभी होटल नगर पालिका के साथ समन्वय रखते हुए सूखे और गीले कचरे का नियमित निस्तारण सुनिश्चित करें। गीले कचरे को खाद बनाकर खेतों और पार्कों में उपयोग करने या बेचने की सुविधा भी सुझाई गई। विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाले सभी होटलों को स्वीकृत मानचित्र के अनुसार ही संचालन का निर्देश दिया गया है, अन्यथा निर्धारित समय के बाद कार्रवाई होगी। अग्निशमन विभाग को सभी होटलों में फायर इक्विपमेंट और नियमित मॉक ड्रिल सुनिश्चित करवाने का निर्देश दिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी को खाद्य मानकों के पालन की निगरानी और मिलेट्स आधारित व्यंजनों को बढ़ावा देने की योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। साथ ही होटल संचालकों का एक व्हाट्सऐप समूह बनाया जाएगा ताकि निर्देश और सुझाव तुरंत साझा हो सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि होटल स्थानीय कलाकृतियों को प्रदर्शित करें, अपने मेनू में मिलेट्स उत्पाद शामिल करें और आगामी मिलेट महोत्सव में यही मेनू लॉन्च किया जाएगा। स्वच्छता प्रतियोगिता भी आयोजित होगी और श्रेष्ठ तीन होटलों को पुरस्कृत किया जाएगा।

**होटलों की मनमानी व बदसलूकी सवालों के घेरे में**

कुछ लोगों का कहना है कि प्रशासन ने बैठक में मानक, मिलेट्स और साफ-सफाई की लंबी सूची तो जारी कर दी, लेकिन असली मुद्दों पर चुप्पी अब भी जस की तस है। होटल संचालकों की मनमानी, बदसलूकी और कई बार खुलेआम दबंगई की शिकायतें वर्षों से उठती रही हैं, पर इनके लिए न कोई टोल-फ्री नंबर जारी हुआ न ही कोई अलग शिकायत तंत्र बनाया गया। पीड़ित ग्राहक अक्सर मन मसोसकर रह जाते हैं और जिले की छवि धूमिल होती है। सवाल है कि स्टाफ को व्यवहार की बुनियादी शिष्टता कौन सिखाएगा? जब तक इन जमीनी समस्याओं पर ठोस कदम नहीं लिए जाते, तब तक केवल दिशानिर्देशों से तस्वीर बदलने की उम्मीद मुश्किल है।

# प्रसूता मामले में चन्द्रकमल हॉस्पिटल की खामियां उजागर, भवन मानचित्र भी निकला अप्रमाणित

**प्रशासन ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब, नवजात मृत्यु के बाद जांच और सख्त**

**चित्रकूट।** धौहाई पुरवा मजरा इटवा के राजकिशोर ने आरोप लगाया है कि प्राइवेट चन्द्रकमल हॉस्पिटल की लापरवाही ने उनके नवजात की जान ले ली। उनका कहना है कि 17 अक्टूबर की तड़के उनकी गर्भवती पत्नी नेहा देवी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर से जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन असहनीय दर्द के कारण उन्होंने रास्ते में ही कर्वी स्थित चन्द्रकमल हॉस्पिटल में सुबह चार बजे भर्ती कराया। डॉक्टरों ने शुरूआती जांच में जच्चा-बच्चा दोनों को ठीक बताते हुए तत्काल ऑपरेशन की जरूरत बताई। राजकिशोर ने अनुमति दी, पर ऑपरेशन के बाद बच्चा मृत निकला। मामला सामने आते ही जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने इसका संज्ञान लिया और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जांच सौंपी। सीएमओ ने पुष्टि की कि हॉस्पिटल में कई कमियां पाई गईं, जिन पर संचालक को नोटिस जारी कर प्रकरण से जुड़े दस्तावेज मांगे गए हैं। संतोषजनक जवाब न मिलने पर उन पर अर्थदंड, पंजीकरण निरस्तीकरण और अन्य कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण से हॉस्पिटल भवन के मानचित्र संबंधी रिपोर्ट भी तलब की, जिसमें बताया गया कि भवन स्वामी गोकुलेश ओझा ने बिना स्वीकृत मानचित्र के निर्माण कराया है। इसके संबंध में भी प्राधिकरण ने नोटिस जारी कर कार्रवाई शुरू कर दी है। नवजात की मौत, चिकित्सा लापरवाही के आरोप और बिना मानचित्र बने अस्पतालकृइन सबने मिलकर पूरे प्रकरण को बेहद संवेदनशील और जांच योग्य बना दिया है।

# चित्रकूट चैलेंज कप में जिलाधिकारी इलेवन की धमाकेदार जीत, सद्भावना कप पर कब्जा

- बेस्ट बैट्समैन व मैन ऑफ द मैच बने डीएम
- स्वप्निल बने बेस्ट बॉलर

**अखंड भारत संदेश**


धमाकेदार जीत के बाद चित्रकूट चैलेंज कप के साथ जिलाधिकारी इलेवन

**चित्रकूट।** भारत रत्न राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख की स्मृति में स्थानीय जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम चित्रकूट में दीनदयाल शोध संस्थान और चित्रकूट स्पोर्ट्स क्लब कर्वी द्वारा आयोजित चित्रकूट चैलेंज कप-2025 की शुरूआत गुरुवार को सद्भावना मैच से हुई। मुकाबला जिलाधिकारी एकादश और नागरिक एकादश के बीच खेला गया, जिसमें प्रशासनिक टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नागरिक एकादश को 8 विकेट से मात देकर सद्भावना कप अपने नाम किया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल और अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर मैच का शुभारंभ किया।

टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनने वाली जिलाधिकारी एकादश ने नागरिक टीम को निर्धारित 16 ओवरों में 98 रनों पर रोक दिया। नागरिक एकादश की ओर से अतुल अग्रवाल 19, स्वप्निल 15, अभय श्रीवास्तव 12 और रोहित गुप्ता 12 रन ही जोड़ सके। बली, डा विवेक और स्वप्निल ने प्रशासनिक टीम की ओर से 2-2 विकेट झटके। जवाब में जिलाधिकारी एकादश ने 99 रनों का लक्ष्य 10.3 ओवर में केवल दो विकेट खोकर हासिल कर लिया। समापन समारोह में नेशनल हॉकी कोच डॉ प्रेम शंकर शुक्ला, नेशनल वॉलीबॉल रेफरी डॉ तुषार कांत शास्त्री सहित अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों को कप और पदक प्रदान किए। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग अपने 27 रन और 1 विकेट के उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते मैन ऑफ द मैच चुने गए। बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार भी उन्हें मिला, जबकि नागरिक एकादश के स्वप्निल को बेस्ट बॉलर और अमित अग्रवाल को बेस्ट कीपर घोषित किया गया। कल पूल-बी में जबलपुर और कानपुर के बीच मुकाबला होगा।

# कोहरे के मौसम में दुर्घटना रोकने को ट्रालियों पर सुरक्षा रिफ्लेक्टर लगाए गए


ट्रैक्टर-ट्रालियों पर रिफ्लेक्टर लगाते अधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** शीत ऋतु के आते ही परिवहन विभाग ने सड़क हादसों पर ब्रेक लगाने की तैयारी तेज कर दी है। शनिवार को बस स्टैंड, खोह पुलिस लाइन और कर्वी समिति मंडी में पहुंचने वाली 25 ट्रैक्टर-ट्रालियों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए, ताकि घने कोहरे के दौरान कम दृश्यता वाली सड़कों पर चालक दूर से ही वाहन की मौजूदगी पहचान सकें। अभियान के दौरान प्रवर्तन अधिकारियों ने ट्रैक्टर चालकों और मालिकों को सुरक्षित यात्रा के नियम समझाते हुए चेताया कि धुंध में जरा सी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई सिर्फ एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि शीतकाल के दौरान लगातार चलने वाला सुरक्षा अभियान है, जिसमें और भी वाहनों को रिफ्लेक्टर लगाकर सड़क हादसों से बचाने की पहल जारी रहेगी।

# पंचायत सहायक चयन में कथित धांधली, उच्च मेरिट छोड़ी गई और रिश्तेदार हुआ चयनित

**उच्च मेरिट उम्मीदवार का आवेदन गायब, प्रधान पर भाई भतीजावाद के आरोप**


पीड़ित धनंजय

**चित्रकूट।** जिले के विकास खंड पहाड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत अरछा बरेठी में पंचायत सहायक/अकाउंटेंट-कम-डाटा एंट्री ऑपरेटर की भर्ती एक चर्चित विवाद में बदल गई है। ग्राम के धनंजय पुत्र देवकुमार ने जिलाधिकारी को भेजे शिकायती पत्र में गंभीर आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान अनिल यादव और उनके प्रतिनिधि ने उच्च मेरिट होने के बावजूद उसका आवेदन जानबूझकर न स्वीकार किया और कम मेरिट वाली अपनी ही रिश्तेदार महिला का चयन कर लिया। धनंजय का कहना है कि उसने 5 अगस्त 2025 को नियमानुसार आवेदन प्रधान से रिसीव कराकर पंचायत भवन में प्रधान प्रतिनिधि अर्जुन यादव को सौंपा था, जिसकी रिसीविंग भी उसके पास सुरक्षित है।

अभ्यर्थी ने यह आरोप भी लगाया है कि चयनित महिला प्रधान प्रतिनिधि के साले की बहन और प्रधान के चचेरे भाई की ससुराल पक्ष से जुड़ी है। ग्रामीणों में भी इसी रिश्तेदारी फैक्टर की चर्चा है कि योग्यता को किनारे रखकर मनमाने तरीके से नियुक्ति कर दी गई। धनंजय के अनुसार जब उसने प्रधान और सचिव से अपने आवेदन की स्थिति पूछी, तो उसे यह कहकर पल्ला झाड़ दिया गया कि उसने कोई आवेदन ही नहीं दिया, जबकि आरटीआई के माध्यम से मांगी गई जानकारी पर भी कोई उत्तर नहीं दिया गया। अभ्यर्थी ने जिलाधिकारी से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच, उसके आवेदन को वैध मानने तथा मेरिट आधारित चयन सुनिश्चित करने की मांग की है। ग्रामीणों का भी मानना है कि भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी ने संदेह और विवाद को और गहरा कर दिया है। अब मामला डीएम कार्यालय तक पहुंच चुका है, और ग्रामीणों की निगाहें आगे होने वाली प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं।

# शीतगृहों में बचे आलू पर सख्ती, किसानों को नोटिस और नीलामी की प्रक्रिया शुरू

**नोटिस के बाद सात दिन का समय, जिलाधिकारी करेंगे निगरानी**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश के निजी शीतगृहों में इस वर्ष भंडारित आलू की निकासी लगभग अंतिम चरण में पहुंच चुकी है, लेकिन कुछ जनपदों के चुनिंदा कोल्ड स्टोरेज अभी भी आलू के बोरे समेटे बैठे हैं। निदेशक भानु प्रकाश राम के अनुसार राज्य में आलू भंडारण की निर्धारित अवधि 15 फरवरी से 30 नवंबर तक रखी गई है, ताकि किसानों को अपनी फसल निकालने के लिए पूरा समय मिल सके। इसके बावजूद जहां आलू अब भी अवशेष है, वहां प्रदेश का कोल्ड विनियमन अधिनियम-1976 अब सक्रिय भूमिका में दिखाई दे रहा है। अधिनियम के तहत यदि कोई किरायादाता या किसान रसीद में दर्ज तिथि से पंद्रह दिन के भीतर अपना माल नहीं उठाता, तो शीतगृह स्वामी को उसके नाम नोटिस भेजना अनिवार्य है। यही नहीं, उसकी एक प्रति जिलाधिकारी या लाइसेंस अधिकारी को भी भेजी जाएगी। नोटिस मिलने के बाद यदि किसान सात दिनों तक भी आलू नहीं निकालता, तो शीतगृह स्वामी को यह अधिकार मिल जाता है कि वह किसान के जोखिम और खर्च पर आलू की सार्वजनिक नीलामी करा दे। नीलामी से पहले 48 घंटे पूर्व इसकी सूचना जिलाधिकारी को देना भी अनिवार्य है, ताकि पूरी प्रक्रिया की निगरानी तय हो सके। निदेशक ने स्पष्ट कहा कि सभी संबंधित शीतगृहों को अधिनियम का पालन हर हाल में सुनिश्चित करना होगा, ताकि भंडारण व्यवस्था पारदर्शी और सुचारु बनी रहे।

# बरगढ़ में दो दिवसीय भजन-संकीर्तन महोत्सव में उमड़ी श्रद्धा, राधा-नाम की गूँज से दिगंत भरा

**अखंड भारत संदेश**



हरिभजन कीर्तन करते संत

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** कस्बे के राजकीय इंटर कॉलेज में दो दिवसीय श्रीहरि भजन एवं रसमय संकीर्तन का अलौकिक आयोजन हुआ, जिसमें भक्ति की ऐसी अविरल धारा बही कि वातावरण दिव्यता से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम की शुरूआत शनिवार दोपहर सत्संग की गंगा बहती है गुरुदेव तुम्हारे चरणों में जैसे मधुर भजन से हुई और रविवार को श्री गिरधर आगे नाचूंगी की सुर-लहरियों के साथ समापन ने सभी को भक्ति में डुबो दिया। मनमोहन की प्यारी राधा रानी हमारी, रटे जा राधे राधे और हरि से बड़ा हरि का नाम जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूमते रहे। सनातन संकीर्तन समिति के इस आयोजन में दिल्ली के प्रसिद्ध भजन रसप्रवाहक राहुल चौधरी की अमृतमयी वाणी ने ऐसा आध्यात्मिक वातावरण रचा कि सैकड़ों श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। भक्ति और भाव का यह अद्भुत संगम जहां सनातन संस्कृति के दिव्य स्वरूप को जनमानस तक ले गया, वहीं स्थानीय सामाजिक व राजनीतिक प्रतिनिधियों-विधायक प्रतिनिधि विकास उर्फ पिंटू द्विवेदी समेत चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, श्याम नारायण शुक्ल, सुनील मिश्र, मनीष सिंह व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# कुछ अच्छे, कुछ बुरे...पाक आर्मी चीफ मुनीर को लेकर क्या बोले जयशंकर?

**पाकिस्तान**

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को पाकिस्तान के रक्षा प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर और भारत-पाकिस्तान के बारे में बोलते हुए कहा कि जैसे अच्छे आतंकवादी और बुरे आतंकवादी होते हैं, वैसे ही अच्छे सैन्य नेता और अच्छे नहीं होते हैं। जयशंकर ने कहा कि भारत के लिए, पाकिस्तानी सेना की वास्तविकता हमेशा से यही रही है और हमारी ज्यादातर समस्याएँ वहीं से शुरू होती हैं। कूटनीतिक रूप से एक कोने में फँस जाने के सवाल पर जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान की स्थिति पर गौर करें और उसकी क्षमताओं, उसकी प्रतिष्ठा और अंतरों को देखें। हमें जरूरत से ज्यादा जुनूनी होकर खुद को एक सूत्र में नहीं बाँधना चाहिए... हाँ, कुछ मुद्दे हैं और हम उनसे निपटेंगे।



यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें लगता है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत कुछ अलग कर सकता था, जयशंकर ने कहा कि कुछ नियम और मानदंड हैं जिनका हमारे जैसे देश को पालन करना होता है। जयशंकर ने कहा कि देखिए, मैं इसे दो भागों में समझता हूँ। मुझे लगता है कि जहाँ तक भारत का सवाल है, कुछ चीजें हैं जो हम करते हैं और कुछ चीजें नहीं करते। इसीलिए हम भारत हैं। आप जानते हैं, हमारे नियम हैं, हमारे मानदंड हैं। अगर हम कोई कदम उठाते हैं, तो हम इस देश में जवाबदेह हैं, लोगों के प्रति, मीडिया के प्रति, नागरिक समाज के प्रति जवाबदेह हैं। ये बातें कहना बहुत आसान है।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की दिल्ली यात्रा पर बोलते हुए, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत जैसे देश के लिए महत्वपूर्ण संबंधों का अच्छी स्थिति में होना बेहद जरूरी है। जयशंकर ने कहा कि हमारे जैसे देश के लिए... एक बड़े देश के लिए, जो उभर रहा है और जिससे और भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। यह जरूरी है कि हमारे महत्वपूर्ण संबंध अच्छी स्थिति में हों। हम यथासंभव अच्छे सहयोग को बनाए रखें, ज्यादा से ज्यादा देशों के साथ और हमें अपनी पसंद चुनने की आजादी हो। संक्षेप में, यही विदेश नीति है। इस सवाल का जवाब देते हुए कि क्या पुतिन की भारत यात्रा किसी भी तरह से नई दिल्ली की संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ चल रही व्यापार वार्ता को जटिल बनाएगी, जयशंकर ने कहा मैं असहमत हूं, हर कोई जानता है।

# 10 दिसंबर से शुरू होगा पहले चरण का मंथन, टैरिफ पर हो सकती है बात

**अमेरिका**

**भारत** और अमेरिका अपने प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के शुरूआती चरण पर काम में तेजी लाने के लिए 10 दिसंबर को नई दिल्ली में चर्चा शुरू करने वाले हैं। हालाँकि इसे औपचारिक वार्ता दौर नहीं माना जाएगा,

लेकिन उम्मीद है कि इन बैठकों में समझौते को अंतिम रूप देने के लिए जरूरी प्रमुख मुद्दों पर चर्चा होगी। इस अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अमेरिका के उप-व्यापार प्रतिनिधि रिक स्विट्जर करेंगे। भारत द्वारा रूसी कच्चे तेल की खरीद के कारण कई भारतीय नियातों पर 25 प्रतिशत टैरिफ और 25 प्रतिशत अतिरिक्त दंडात्मक शुल्क लगाए जाने के बाद से यह अमेरिका का दूसरा दौरा है।



लगातार राजनयिक संपर्क

आगामी वार्ता दोनों देशों की राजधानियों के बीच निरंतर संपर्क का परिणाम है। अमेरिकी वातार्कारों ने पिछली बार 16 सितंबर को भारत का दौरा किया था, जबकि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल इस वर्ष मई में दो बार और फिर 22 सितंबर को चर्चा को आगे बढ़ाने के लिए वाशिंगटन गए थे। समग्र वार्ता प्रक्रिया का नेतृत्व अमेरिका की ओर से दक्षिण एवं मध्य एशिया के लिए यूएसटीआर के सहायक ब्रेंडन लिंच और भारत के वाणिज्य विभाग की ओर से संयुक्त सचिव दर्पण जैन कर रहे हैं।

यह चचाएँ और भी महत्वपूर्ण हो जाती हैं क्योंकि वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने हाल ही में कहा था कि भारत वर्ष के अंत से पहले अमेरिका के साथ एक रूपरेखा व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने को लेकर आशावादी है। इस तरह के एक रूपरेखा समझौते से भारतीय निर्यातकों को प्रभावित करने वाली टैरिफ बाधाओं में कमी आने की उम्मीद है।

# बब्बर खालसा को फंडिंग पहुंचाने सिख व्यापारी और समूह पर लगाया बैन

**ब्रिटेन**

**ब्रिटेन** ने खालिस्तान समर्थक आतंकवादी समूह बब्बर खालसा की वित्तीय सहायता रोकने के लिए प्रतिबंध लगाए हैं। यह पहली बार है जब इस समूह पर ये प्रतिबंध लगाए गए हैं। ब्रिटेन ने गुरप्रीत सिंह रेहल के खिलाफ संपत्ति जब्त करने और निदेशक पद के लिए अयोग्य घोषित करने की घोषणा की है, जिन पर भारत में आतंकवाद में शामिल संगठनों से जुड़े होने का संदेह है। इसी आतंकवादी समूह को बढ़ावा देने और समर्थन देने के लिए बब्बर अकाली लहर के खिलाफ भी संपत्ति जब्त करने की घोषणा की गई है।



ब्रिटेन के वित्त विभाग के अनुसार, रेहल बब्बर खालसा और बब्बर अकाली लहर की आतंकवादी गतिविधियों में शामिल है, जिसमें इन संगठनों को बढ़ावा देना और प्रोत्साहित करना, उनके लिए भर्ती गतिविधियाँ चलाना, वित्तीय सेवाएँ प्रदान करना और साथ ही हथियार और अन्य सैन्य सामग्री खरीदना शामिल है। सरकार ने यह भी कहा कि बब्बर अकाली लहर, बब्बर खालसा की आतंकवादी गतिविधियों से जुड़ी है और समूह तथा स्वयं के लिए भर्ती गतिविधियों को बढ़ावा, प्रोत्साहन और संचालित करके उनमें शामिल है। ब्रिटेन में रेहल या बब्बर अकाली लहर के स्वामित्व, धारित या नियंत्रित सभी निधियों और आर्थिक संसाधनों की अब संपत्ति जब्त कर ली गई है। रेहल पर निदेशक अयोग्यता प्रतिबंध भी लगाए गए हैं, जो उन्हें किसी कंपनी के निदेशक के रूप में कार्य करने या प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी कंपनी के प्रचार, गठन या प्रबंधन में भाग लेने या उससे संबंधित होने से रोकते हैं।

वित्त मंत्री लूसी रिग्बी ने कहा कि जब आतंकवादी ब्रिटेन की वित्तीय प्रणाली का शोषण करते हैं, तब हम चुप नहीं बैठेंगे। यह ऐतिहासिक कार्रवाई दशार्ती है कि हम आतंकवाद के वित्तपोषण को रोकने के लिए अपने पास उपलब्ध हर उपकरण का उपयोग करने के लिए तैयार हैं, चाहे वह कहीं भी हो और चाहे इसके लिए कोई भी ज़िम्मेदार हो। ब्रिटेन हिंसा और घृणा को बढ़ावा देने वालों के विरुद्ध शांतिपूर्ण समुदायों के साथ दृढ़ता से खड़ा है।

# 'न्यूक्लियर प्लांट' पर बड़ा खेल, हिले चीन-अमेरिका

**रूस**

**रूस** ने भारत की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक संयुक्त प्रेस वार्ता में कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र में चल रहे सहयोग पर प्रकाश डाला। पुतिन ने कहा कि कुडनकुलम परियोजना द्विपक्षीय सहयोग का एक प्रमुख उदाहरण बनी हुई है, जहाँ छह में से दो रिएक्टर पहले ही चालू हो चुके हैं और चार और रिएक्टर पूरा होने की ओर अग्रसर हैं। पुतिन ने कहा हम भारत के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र, कुडनकुलम के निर्माण की एक प्रमुख परियोजना पर काम कर रहे हैं। छह में से दो रिएक्टर इकाइयों को पहले ही ऊर्जा नेटवर्क से जोड़ा जा चुका है, और चार अभी निमार्णाधीन हैं। इस परमाणु ऊर्जा संयंत्र को पूर्ण क्षमता पर लाने से भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं में उल्लेखनीय योगदान होगा।

पुतिन की यह टिप्पणी रोसाटॉम द्वारा संयंत्र के तीसरे रिएक्टर की प्रारंभिक लोडिंग के लिए परमाणु ईंधन की पहली खेप की डिलीवरी की पुष्टि के तुरंत बाद आई। यह खेप रूस से हवाई मार्ग से आई है, जो परियोजना के अगले चरण के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है। पूरी डिलीवरी 2024 के एक




समझौते के तहत सात कार्गो उड़ानों के जरिए होगी, जो तीसरे और चौथे रिएक्टरों के लिए आजीवन ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित करता है। उल्लेखनीय है कि रूस भारत के लिए यूरेनियम ईंधन का एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता बना हुआ है, जिसकी नवीनतम खेप नोवोसिबिर्स्क केमिकल कंसंट्रेट प्लांट में उत्पादित की जा रही है। पुतिन ने आगे कहा कि रूस तेल, गैस, कोयला और भारत के ऊर्जा विकास के लिए आवश्यक हर चीज का एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता बना हुआ है, और भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को सहारा देने के लिए निरंतर आपूर्ति का आश्वासन दिया।

तमिलनाडु के दक्षिणी सिरे के पास स्थित, कुडनकुलम परमाणु संयंत्र में अंततः छह श्शएफ्-1000 रिएक्टर स्थापित होंगे जिनकी संयुक्त क्षमता 6,000 मेगावाट होगी। पहले दो रिएक्टरों को 2013 और 2016 में ग्रिड से जोड़ा गया था, और शेष इकाइयों पर काम लगातार आगे बढ़ रहा है।

# पुतिन के कड़े फैसले की दिला रहा याद, 2009 का वीडियो खूब हो रहा वायरल

**रूस**

**इंडिगो** की 1,000 से ज्यादा फ्लाइटें कैंसिल होने से यात्री परेशान हैं। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इंडिगो संकट के बारे में जानकारी दी गई, जिसके कारण पिछले कुछ दिनों में एक हजार से ज्यादा उड़ानें रद्द हो गई हैं और पीएमओ सीईओ पीटर एल्बर्स के सीधे संपर्क में है। इन सब के बीच भारत की आधिकारिक यात्रा पर आए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। इंडिगो संकट के बीच कई लोगों ने यह कहते हुए एक क्लिप शेयर की कुलीन वर्ग राज्य को बेवकूफ नहीं बना सकता। उस समय रूस के प्रधानमंत्री रहे पुतिन ने एक शीर्ष कुलीन वर्ग को सार्वजनिक रूप से अपमानित किया, जिसने अपने कर्मचारियों को तीन महीने से वेतन नहीं दिया



था। न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी खबर का शीर्षक दिया पुतिन काउबॉय पूंजीपतियों के लिए शेरिफ की भूमिका निभा रहे हैं।

इंडिगो की उड़ानें बड़े पैमाने पर रद्द होने की घटना तब हुई जब पुतिन भारत की राजकीय यात्रा पर थे। यह अराजकता रोस्टर के कुप्रबंधन और डीजीसीए द्वारा नए उड़ान ड्यूटी समय सीमा (एफडीटीएल) मानदंडों के लिए तैयार न होने के कारण पैदा हुई, जिससे पिछले कुछ दिनों से भारत में लाखों लोग फंसे हुए हैं। लोगों का आरोप है कि इंडिगो अपने परिचालन को ठप करके मानदंडों में ढील देने के लिए "दबाव और दबाव" बना रही थी। कई लोगों का कहना है कि पुतिन का 2009 का क्षण यह याद दिलाने वाला था कि राज्य का अस्तित्व बड़े व्यवसायों द्वारा धमकाए जाने के लिए नहीं है। भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन, जिसकी हिस्सेदारी 60% से ज्यादा है, भारी गिरावट में चली गई। एक ही दिन में सैकड़ों उड़ानें रद्द कर दी गईं। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद में हजारों यात्री फँस गए। लोगों का आरोप है कि हवाईअड्डे की फर्श प्रतीक्षालय में बदल गई, परिवार कुर्सियों पर सो रहे थे, सामान पहाड़ों की तरह जमा हो गया था।

# शांति पुरस्कार मिलते ही स्टेज पर नाचने लगे डोनाल्ड ट्रंप

**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आखिर 'पीस प्राइज' ले ही लिया। मौका था फीफा वर्ल्ड कप के ड्रॉ का। इस दौरान ट्रम्प को 'फीफा पीस प्राइज' दिया गया। फुटबॉल की वर्ल्ड बॉडी फीफा ने नवंबर में यह नया वार्षिक पुरस्कार घोषित किया था। ट्रम्प इसके पहले विजेता बने हैं। इस पुरस्कार का उद्देश्य ऐसी हस्तियों को सम्मानित करना है, जिन्होंने शांति के लिए असाधारण और विशिष्ट कार्य किए हों। समारोह में फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने ट्रम्प को सम्मानित करते हुए कहा कि फुटबॉल ऐसा माध्यम है, जो दुनिया को जोड़ने का काम करता है। हालांकि, आलोचकों का कहना



है कि इस पीस प्राइज को ट्रम्प जैसे विवादास्पद राजनीतिक व्यक्ति को देना सवाल खड़े करता है।

ट्रंप ने बताया जीवन का सबसे बड़ा सम्मान

इस अवसर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, ट्रंप ने कहा कि फीफा शांति पुरस्कार "मेरे जीवन के सबसे बड़े सम्मानों में से एक है। उन्होंने प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप सहित अपने परिवार का आभार व्यक्त किया और अन्य दो मेजबान देशों के नेताओं, कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी और मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम का आभार व्यक्त किया।

ट्रंप पहले भी खुलेआम नोबेल शांति पुरस्कार की मांग कर चुके हैं, और इन्फेंटिनो पहले भी कह चुके हैं कि गाजा में युद्धविराम कराने में उनकी भूमिका के लिए ट्रंप इसके हकदार हैं। फीफा अध्यक्ष के साथ उनके घनिष्ठ संबंधों को देखते हुए, ट्रंप को इस नए फीफा पुरस्कार के लिए सबसे आगे माना जा रहा था। फीफा ने इस पुरस्कार को शांति के लिए असाधारण कार्यों को मान्यता देने वाला और दुनिया भर के लोगों को एकजुट करने वालों को सम्मानित करने वाला पुरस्कार बताया है। इस पुरस्कार की शुरूआत फीफा के सामान्य खेल-केंद्रित दायरे से हटकर है, लेकिन यह इन्फेंटिनो की फुटबॉल को वैश्विक एकीकरणकर्ता बताने वाली अक्सर की जाने वाली टिप्पणियों के अनुरूप है।

यह पुरस्कार ऐसे समय में दिया गया है जब ट्रम्प प्रशासन को कैरिबियन में संदिग्ध ड्रग नौकाओं पर घातक हमलों के साथ-साथ आव्रजन पर तीखी बयानबाजी के कारण भी जांच का सामना करना पड़ा है। इस वर्ष का नोबेल शांति पुरस्कार वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को दिया गया, जिन्होंने कहा कि वह अपनी मान्यता आंशिक रूप से ट्रम्प को समर्पित करती हैं, क्योंकि उन्होंने अपने मुद्दे के प्रति ट्रम्प के समर्थन को इसका हिस्सा बताया।

# पाकिस्तान की डूबती नैया, अफगानिस्तान से दुश्मनी बनी वजह



**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** की वर्तमान सैन्य और विदेश नीतियों की तीखी आलोचना करते हुए पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता अब्दुल समद याकूब ने चेतावनी दी है कि अफगानिस्तान के साथ देश के बिगड़ते संबंध और इसकी दोषपूर्ण आंतरिक रणनीतियां पाकिस्तान को और अधिक क्षेत्रीय अलगाव और आर्थिक पतन की ओर धकेल रही हैं। याकूब ने पीटीआई संस्थापक की चिंताओं को साझा किया, जो इमरान खान द्वारा सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को हाल ही में दी गई चेतावनी के बाद सामने आई हैं। याकूब ने सैन्य प्रतिष्ठान पर "विनाशकारी नीतियों" को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया है जो पाकिस्तान की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के बजाय व्यक्तिगत या विदेशी हितों को पूरा करती हैं। याकूब ने पश्चिमी सीमा पर बढ़ती असुरक्षा पर प्रकाश डाला, और उनके अनुसार यह स्थिति पूर्वी सीमा पर पाकिस्तान के पारंपरिक ध्यान से एक बड़ा बदलाव है। उन्होंने कहा कि अतीत में हमें अपनी पूर्वी सीमा पर भारत के साथ तनाव का सामना करना पड़ा था। लेकिन आज, अफगानिस्तान के साथ हमारी पश्चिमी सीमा भी असुरक्षित हो गई है, जिसकी कभी उम्मीद नहीं थी। उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान के टकराव वाले रुख ने कभी भाईचारे वाले देश को एक शत्रुतापूर्ण पड़ोसी में बदल दिया है।

पीटीआई नेता ने व्यापार मार्गों को सील करने और सीमा पार आवाजाही पर प्रतिबंध लगाने के सरकार के फैसले की आलोचना करते हुए इसे खुद पर लगाया गया घाव बताया जो क्षेत्रीय कूटनीति और आर्थिक स्थिरता, दोनों को कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि व्यापार और सहयोग को बढ़ावा देने के बजाय, वे वाणिज्य के लिए जगह भी छीन रहे हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# कश्मीरी कहवा, मछली और साग, राष्ट्रपति भवन में पुतिन की डिनर पार्टी में क्या-क्या खाना परोसा गया?

**रूस**

**रूसी** राष्ट्रपति व्लादमीर पुतिन चार और 5 दिसंबर को होने वाले 23वें इंडिया रूस समिट के लिए भारत के दौरे पर आए। 4 साल बाद उनकी यह यात्रा भारतीय मेहमान नवाजी के लिहाज से बेहद खास मानी गई। हर बार की तरह इस बार भी उनके लिए एक विशेष मेन्यू तैयार किया गया। जिसमें उनकी पसंद, उनकी सख्त डाइट और सुरक्षा से जुड़े प्रोटोकॉल को ध्यान में रखा गया। पुतिन का खाना हमेशा अलग से पकाया जाता है और हर डिश को कई स्तरों पर टेस्ट किया जाता है। हैदराबाद हाउस में लंबी और घटनापूर्ण वार्ता और एक व्यावसायिक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपनी भारत यात्रा के दूसरे दिन का समापन रात्रिभोज के साथ किया। और यह कोई साधारण रात्रिभोज नहीं था, बल्कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित एक राजकीय भोज था, जिसमें सरकार के साथ-साथ भारत के अन्य राजनीतिक दलों के कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

राष्ट्रपति भवन में आयोजित भोज रूसी नेता की दो दिवसीय भारत यात्रा के समापन का प्रतीक था, जिसके दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ वार्ता की, भारत-रूस संबंधों की पुष्टि की तथा नए समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जो इस संबंध को और आगे बढ़ाएंगे।

पुतिन के लिए एक भव्य 'थाली' सजाई गई

राष्ट्रपति भवन में पुतिन के सम्मान में आयोजित राजकीय भोज एक भव्य पाककला का आनंद था, जिसमें भारत के विशाल और विविध खाद्य विकल्पों पर प्रकाश डाला गया। इस पूर्णतः शाकाहारी भोज में क्षेत्रीय व्यंजन शामिल थे



और इसकी शुरूआत मुरुंगेलाई चारू सूप, एक पारंपरिक दक्षिण भारतीय रसम (सूप), काले चने के शिकमपुरी (तवे पर भुने काले चने के कबाब) और मसालेदार चटनी के साथ वेजिटेबल झोल मोमो से हुई। पुतिन और अन्य मेहमानों को जाफरानी पनीर रोल, पालक मेथी मटर का साग, तंदूरी भरवां आलू, अचारी बैंगन और पीली दाल तड़का परोसा गया,

साथ में ड्राई फ्रूट और केसर पुलाव के साथ भारतीय ब्रेड जैसे लच्छा परांठा, मगज नान, सतानाज रोटी, मिस्सी रोटी और बिस्कुटी रोटी परोसी गई।